दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 28 मई-2025 | ● वर्ष:10 अंक:158 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

भारत का गुयाना में चला जादू
डेलिगेशन ने राष्ट्रपति-स्पीकर से की मुलाकात

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार (स्थानीय समय) को गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात की। इससे पहले दिन में, उन्होंने नेशनल असेंबली के स्पीकर मंजूर नादिर से भी मुलाकात की थी। गुयाना की नेशनल असेंबली के स्पीकर के साथ अपनी मुलाकात के बारे में बताते हुए थरूर ने कहा कि यह बातचीत शानदार रही। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना में व्यापारिक समुदाय के प्रमुख सदस्यों के साथ भी बातचीत की।

थरूर ने कहा कि विधानसभा के स्पीकर मंजूर नादिर से हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। उन्होंने हमारी स्थिति और हमारी चिंताओं के प्रति बहुत समझदारी दिखाई। और, प्रत्येक सांसद को इस मुद्दे की सराहना में योगदान देने का मौका मिला। यह बहुत प्रभावी था और हम सभी ने विधानसभा के स्पीकर को भारतीय राष्ट्र की चिंताओं और दृढ़ संकल्प से अवगत कराने में एक-दूसरे की तारीफ की।

व्हिटबी जहाज पर पुष्पांजलि अर्पित की : कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना में महात्मा गांधी और व्हिटबी जहाज की ब्रॉन्ज रेप्लिका पर पुष्पांजलि अर्पित की। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुयाना के जॉर्जटाउन में प्रोमेनेड गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने व्हिटबी जहाज की ब्रॉन्ज रेप्लिका के आधार पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

1838 में पहली बार भारतीय आए थे गुयाना : व्हिटबी जहाज वह जहाज था जो 1838 में पहले भारतीयों को गुयाना लाया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक कूटनीतिक पहुंच में, मोदी सरकार ने आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के संबंधों और आतंकवाद के प्रति भारत के जीरो टॉलरेंस के मजबूत संदेश के बारे में राष्ट्रों को जानकारी देने के लिए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है।

आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना : ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के निर्णायक सैन्य जवाब के रूप में शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोग बेरहमी से मारे गए थे। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, जिसके बाद जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन सहित समूहों से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादियों का सफाया हो गया।

जारी है पूर्व पार्षदों की हाउस टैक्स वाली लड़ाई, कहा-
अधिकारी फैला रहे हैं भ्रांति, नया लैटर जारी

- पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी और हिमांशु मित्तल ने फिर उठाई टैक्स बढ़ोत्तरी पर आवाज

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम में टैक्स बढ़ोत्तरी का मामला लगातार हॉट टॉपिक बना हुआ है। पूर्व पार्षदों और वर्तमान पार्षदों द्वारा जहां इसका विरोध हो रहा है। तो वहीं नगर निगम के अधिकारी इसको लेकर अपना तर्क दे रहे हैं। वह कह रहे हैं कि टैक्स में चार गुना की वृद्धि नहीं हुई है, यह अधिकतम पौने दो गुना हुआ है। इसके साथ ही अधिकारियों के कई और तर्क भी है लेकिन पूर्व पार्षदों ने फिर एक बार नया लैटर जारी करते हुए 11 पॉइंट दिए हैं। जिसमें वह टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर नगर निगम के अधिकारियों और भ्रांति फैलाने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वहीं नगर निगम गाजियाबाद के पूर्व वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम मे डीएम सर्किल आधारित संपत्ति करो में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव कभी भी नगर निगम की कार्यकारिणी और सदन में स्वीकृत नहीं किया गया है। 9 अक्टूबर 2024 को सदन द्वारा संपत्ति कर की नई दरों के प्रस्ताव को निरस्त किया गया था। साथ ही उन्होंने कहा है कि 7 मार्च 2025 में प्रस्ताव संख्या 113 पर इस विषय को रखा गया, मगर सदन की बैठक में संपत्ति कर पर चर्चा करने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया। फिर भी आपत्तिजनक रूप से इसे कर सहमति से पास दर्शाया दिया गया। वहीं नगर निगम के कुछ पार्षदों ने इस संबंध में उन्हें लिखित में भी जानकारी उपलब्ध कराई है।

सड़कों की चौड़ाई बढ़ाकर ज्यादा टैक्स वसूलने का भी आरोप

करंट क्राइम : पार्षदों द्वारा जारी किए गए इस लैटर में बताया गया है कि सदन 7 मार्च 2025 की बैठक में अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव संख्या 139 सड़कों की चौड़ाई को अपने स्तर से बढ़ाकर ज्यादा टैक्स होने के मकसद से पास कराया गया था जबकि नगर निगम को मास्टर प्लान के मानक निर्धारण करने का अधिकार नहीं है। इस विषय पर उठाए जाने के बाद नगर निगम के अधिकारी बैकफुट पर आ गए और घोषणा की गई है। इसे प्रस्ताव में भी स्थगित किया गया है और भ्रम फैलाने के लिए कहा गया कि अब टैक्स चार गुना से घटकर दो गुना हो जाएगा जबकि टैक्स की पुरानी वह नई दरों में काफी अंतर है।

टैक्स छूट के विषय को लेकर भी खड़े किए पूर्व पार्षदों ने सवाल

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के पूर्व पार्षदों द्वारा जारी किए गए इस पत्र में क्रम संख्या 6 पर लिखा गया है कि नगर आयुक्त और कर अधिकारियों द्वारा मीडिया को कहा कि जाता है कि 81% तक छूट मिलेगी, यह केवल भ्रम फैलाने वाला प्रयास है। इसमें 20% की छूट कर समय से जमा करने पर वर्षों से मिल रही है। वर्तमान में उल्टा इसे घटाकर 30 सितंबर से 31 जुलाई तक टैक्स जमा करने पर 20% की छूट दिए जाने का प्रस्ताव कार्यकारिणी में स्वीकृत किया गया था, यानी जो छूट पहले 31 सितंबर तक टैक्स जमा करने पर 20% मिलती थी। अब उसे 31 जुलाई करने पर मिल रही है ,तब इसमें कैसे फायदा हो रहा है। तो वही नागरिकों द्वारा जो ऑनलाइन टैक्स का भुगतान करते हैं उन्हें एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट वर्षों से मिल रही है, फिर इसका क्रेडिट क्यों लिया जा रहा है।

निगम अधिकारियों पर भ्रम फैलाने का भी लगा रहे हैं आरोप

करंट क्राइम : पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी और हिमांशु मित्तल द्वारा जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि पूर्व महापौर व पूर्व बोर्ड द्वारा कभी भी एक साथ इतना संपत्ति कर नहीं बढ़ाया गया है, जितना अब वर्तमान बोर्ड में कार्यकाल में महापौर और नगर आयुक्त द्वारा बढ़ाया गया, जबकि विकास के कार्य पहले बोर्ड के कार्यकाल में ज्यादा होते रहे है। वहीं इस लैटर में यह भी लिखा गया है कि नगर आयुक्त व उनके अधीनस्थ अधिकारी बड़े हुए करों के संबंध में भ्रांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जो ना तो जनहित में है और ना ही न्यायोचित है। साथ ही पूर्व पार्षदों ने नगर निगम में महापौर से आग्रह किया गया है कि सदन की मुखिया हैं, बढ़े हुए संपत्ति करों के संबंध में ठोस कार्रवाई करें। जिससे करों का अत्यधिक बोझ जनता पर ना पड़े।

लैटर में लिखा गया है कि नगर आयुक्त व उनके अधीनस्थ अधिकारी बड़े हुए करों के संबंध में भ्रांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

4 जून को विदेश से लौटने के बाद होगा
सांसद अतुल गर्ग का भव्य स्वागत
शहर या साहिबाबाद विधानसभा में होगा संस्मरण कार्यक्रम आयोजित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों तीन देशों के विदेश दौरे पर हैं। वो भारत के उस सर्वदलीय सांसद डेलीगेशन में शामिल हैं जो विदेशों में भारत का पक्ष रख रहा है और ये बता रहा है कि पाकिस्तान ने किस तरह से आतंकवाद को पोषित किया है। गाजियाबाद के लिये बड़ी बात है कि जब पूरी संसद से गिनती के सांसद इस बात के लिये चुने गए कि वो विदेश में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष रखेंगे तो इन चुनिंदा सांसदों में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी शामिल हैं।

अतुल गर्ग इससे पहले भी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ तीन देशों की राजकीय यात्रा पर जा चुके हैं। तब वो विदेशों में भारतीय व्यापार के अवसरों को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिये गए थे। इसके बाद भारत सरकार ने उनपर फिर भरोसा जताया और फिर वो इस बार विदेश की धरती पर पाकिस्तान द्वारा पोषित किये जा रहे आतंकवाद के विरोध में भारत का पक्ष रख रहे हैं। उनके साथ दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज सहित आठ सांसद हैं। सांसद अतुल गर्ग ने यूएई, लाइबेरिया और कांगो में भारत का पक्ष रखा। ये गाजियाबाद के लिये निश्चित रूप से गौरव की बात है कि जब देश के सांसदों में चुनिंदा सांसदों को सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर देश का पक्ष रखने के लिये चुना तो उसमें गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का भी नाम था।

अब जब सांसद अतुल गर्ग चार जून को विदेश से वापस लौटेंगे तो गाजियाबाद में उनके भव्य स्वागत की तैयारी हो गई है। बताया जाता है कि अतुल गर्ग जब विदेश से वापस लौटेंगे और गाजियाबाद आएंगे तो उनके समर्थक उनका भव्य स्वागत करेंगे। स्वागत के इस कार्यक्रम में कई सामाजिक संस्थाएं भी शामिल होंगी। अतुल गर्ग का स्वागत कई स्थानों पर होगा। बताया जाता है कि स्वागत समारोह के लिये बाकायदा स्थान तय हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि शहर विधानसभा क्षेत्र या साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इस कार्यक्रम को संस्मरण का नाम दिया गया है। सांसद अतुल गर्ग जब लौटेंगे तो वो यहां के लोगों को और भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने संस्मरण के जरिये अपने अनुभव साझा करेंगे।

इस कार्यक्रम को संस्मरण कार्यक्रम का नाम दिया गया है। जाहिर है कि सांसद अतुल गर्ग जब अपनी लोकसभा में लौटेंगे तो वो यहां के लोगों को और भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने संस्मरण के जरिये अपने अनुभव साझा करेंगे। वो बताएंगे कि किस तरह से उन्होंने विदेश की धरती पर भारत के पक्ष को रखा। विदेशी मीडिया के सामने इस बात की पोल खोली कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी चला रहा है। वो बताएंगे कि अगर भारत ऑपरेशन सिंदूर नहीं चलाता तो पूरे विश्व को यह पता नहीं चलता कि पकिस्तान आतंकवाद को सह दे रहा है। बहरहाल अब 4 जून को सांसद अतुल गर्ग जब गाजियाबाद आएंगे तो उनका भव्य स्वागत होगा और अतुल गर्ग भी जनता के बीच अपने संस्मरणों के जरिये इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाएंगे। अतुल गर्ग का अपना अंदाज है और जाहिर है कि वो जिस अंदाज में अपने संस्मरण बताएंगे वो अंदाज जनता के दिलों पर छा जाएगा।

नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में
अब तक चौदह गिरफ्तार, यूपी एसटीएफ हुई एक्टिव

- नाहल गांव में डाला पीएसी ने डेरा
- लोकल लोगों से इनपुट ले रहीं हैं जांच टीमें
- मंगलवार को 9 आरोपी हुए गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में लगातार गाजियाबाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को भी मसूरी पुलिस ने एसीपी लिपि नगायच व एसएचओ के नेतृत्व में एक मुठभेड़ के दौरान इस मामले में वांछित आरोपी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है। बीते 24 घंटे के दौरान गाजियाबाद पुलिस मसूरी थाना और स्वाट टीम ग्रामीण ने तीन मुठभेड़ और 9 बदमाशों को दबिश देकर पकड़ा है। इस मामले के मुख्य आरोपी कादिर के भाई को भी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर गाजियाबाद और नोएडा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। तो अब इस पूरे मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम भी शामिल हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम ने मंगलवार को कई घंटे तक गांव में डेरा डाला है और तमाम लोगों से पूछता की है।

गांव में लगातार टीमें रख रही हैं निगरानी

करंट क्राइम : गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में रविवार रात हिस्ट्रीशीटर कादिर और उसके गुर्गों ने पुलिस को घेरकर हमला कर दिया था। जिसमें नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ कुमार की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में एफआईआर की बात करें तो मुख्य नामजद आरोपी कादिर है। जबकि कादिर के भाई की पुलिस को तलाश है। अब इस मामले में मेरठ से आई एसटीएफ भी लगाई गई है। वहीं मंगलवार को पुलिस ने कादिर व उसके पूरे गैंग के खिलाफ कई अहम सबूत जुटाएं हैं। वहीं कई और बदमाश भी पुलिस की रडार पर हैं। एसटीएफ मेरठ के एडिशनल एसपी बृजेश कुमार एसटीएफ की टीम के साथ पहले नाहल गांव में घटनास्थल पर गए। फिर मसूरी पुलिस और नोएडा पुलिस से पूरा घटनाक्रम समझा। जहां एसटीएफ के अधिकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों से भी बातचीत की। इसमें पुलिस और एसटीएफ को कादिर के भाई के साथ ही कुछ अन्य की तलाश है।

यह है पूरा मामला

करंट क्राइम : रविवार रात 11.40 बजे नोएडा पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर कादिर को पकड़ने पहुंची थी। जहां सादा कपड़ों में तैनात पुलिस ने कादिर को पकड़ लिया। कादिर को पकड़कर ले जा रही थी, तभी उसके भाई व साथियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवालों ने गाड़ी रोकी और भागकर जान बचाई। इस मामले में सौरभ की गोली लगने से मौत हुई थी। मौका मिलते ही हिस्ट्रीशीटर कादिर (24) भाग गया। फिर उसने साथियों के साथ मिलकर पुलिस पर गोलियां बरसा दीं। दरअसल, इनमें 3 दरोगा और 4 सिपाहियों की हत्या करने की साजिश थी। बाद में कादिर को अरेस्ट किया गया। जहां सोमवार शाम कादिर उर्फ मंटा को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

जेल में पहली रात आराम से सोया हत्यारोपी कादिर

करंट क्राइम : नोएडा के सिपाही सौरभ की हत्या में आरोपी हिस्ट्रीशीटर कादिर को जेल भेज दिया गया है। जेल सूत्रों के अनुसार, कादिर ने मुलाइजा बैरक में सामान्य व्यवहार दिखाया। उसने न केवल भोजन किया बल्कि आराम से सोया भी है। पुलिस का कहना है कि कादिर एक पेशेवर अपराधी है, जिसकी थाना मसूरी में हिस्ट्रीशीट नंबर ए-183 है। उस पर कुल 23 मुकदमे दर्ज हैं। 26 मई को कोर्ट ने उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेज दिया। वहीं जेल नियमों के अनुसार, नए कैदियों को पहले 10 दिन मुलाइजा बैरक में रखा जाता है। इस दौरान उनका मेडिकल चेकअप और व्यवहार अध्ययन किया जाता है। यदि कोई कैदी भोजन करने से मना करता है, तो जेल प्रशासन उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सकता है। बता दें कि घटना उस समय की है जब गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 की टीम गांव नाहल में कादिर को पकड़ने गई थी। पुलिस ने जब कादिर को हिरासत में लिया, तो उसके चिल्लाने पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने पुलिस पर फायरिंग की और पथराव किया। इस दौरान नोएडा पुलिस के कांस्टेबल सौरभ के सिर में गोली लगी, जिससे उनकी मौत हो गई।

अब तक इन 14 बदमाशों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार

करंट क्राइम : नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा मुख्य आरोपी कादिर को गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वहीं इसके साथ ही इस मामले में स्वॉट टीम देहात और मसूरी पुलिस द्वारा मुठभेड़ के बाद नन्हू, अब्दुल सलाम को गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं लगातार दबिश देखकर मुशाहिद और अब्दुल खालिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अब्दुल रहमान व जावेद, मुरसलीन, इनाम, मेहताब, मेहराज, जावेद, हसीन, मुरसलीन, अब्दलुल रहमान को पकड़ा गया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि इस मामले में पुलिस अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो सिपाही सौरभ की हत्या और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में वंचित थे और उनके नाम प्रकाश में आए थे।

मिजोरम के महामहिम राज्यपाल जनरल वीके सिंह 31 मई को आ रहे हैं गाजियाबाद
सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता से होंगे रूबरू

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा समय में मिजोरम के महामहिम राज्यपाल जनरल वीके सिंह 31 मई को गाजियाबाद आ रहे हैं। वो अपने राजनगर स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि जनरल वीके सिंह को इससे पहले 10 मई को आना था। 10 मई को उनका जन्मदिन था, इसी बीच भारत-पाकिस्तान के बीच हालात सहज नहीं थे और युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जनरल वीके सिंह ने इन हालातों को देखते हुए अपने जन्मदिन पर आने का अपना कार्यक्रम स्थगित किया। अब वो 31 मई को आ रहे हैं। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के ओएसडी कुलदीप सिंह चौहान ने प्रैसनोट जारी कर कहा है कि 10 मई को अपने जन्मदिन पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह लोगों से रूबरू नहीं हो पाए थे, फिर भी जनता का स्नेह और शुभकामनाएं प्राप्त हुए। इससे जनरल वीके सिंह भाव-विभोर हो गए। इसके लिये जनरल वीके सिंह ने हृदय की गहराईयों से क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया है। अब 31 मई को सुबह 11 बजे जनरल वीके सिंह अपने राजनगर स्थित आवास पर उपलब्ध रहेंगे। वो सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों से मुलाकात करेंगे।

कोरोना बढ़ा रहा धड़कन! डब्ल्यूएचओ सतर्क

देश में 1010 एक्टिव केस, 6 लोगों की मौत

नई दिल्ली। दिसंबर 2019 के आखिरी के हफ्तों में शुरू हुई कोरोना महामारी अब भी खत्म नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनों से संक्रमण की रफ्तार नियंत्रित थी, हालांकि अब एक बार फिर से ये वायरस सक्रिय हो गया है। आरएनए वायरस अपनी प्रकृति के हिसाब से लगातार म्यूटेट होते रहते हैं, इसी क्रम में कोरोनावायरस में भी म्यूटेशन देखा जाता रहा है और नए वैरिएंट्स भी सामने आते रहे हैं।

पिछले एक-दो साल में दुनियाभर में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए गए हैं। इस बार के बढ़ते प्रकोप के लिए भी ओमिक्रॉन के ही सब-वैरिएंट्स (एनबी.1.8.1 और एलएफ7) को जिम्मेदार पाया गया है।

27 मई (मंगलवार) को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के डेटा के मुताबिक देश में कुल एक्टिव केस 1010 हैं। 19 मई से अब तक 753 नए मामले रिपोर्ट किए गए हैं। देश में कोरोना से अब तक 6 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लोगों के मन में कई सारे प्रश्न हैं, क्या सर्दी-खांसी होते ही कोविड टेस्ट कराना चाहिए? क्या फिर एक लहर आने वाली है, फिर से सभी लोगों को वैक्सीन लेनी होगी...? इसके अलावा क्या इस बार के संक्रमण में भी लोगों को डेल्टा वैरिएंट की तरह सांस की दिक्कतें हो रही हैं और ऑक्सीजन की जरूरत पड़ रही है? आइए इसके बारे में विस्तार से समझते हैं।

डब्ल्यूएचओ हुआ अलर्ट

कोरोना के दोनों सब-वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 के मामले भारत सहित कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। बढ़ते जोखिमों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब एनबी.1.8.1 को वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है, अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था।

वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है।

वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के दौरान वायरस में हुए परिवर्तन और इसके प्रभाव को समझने की कोशिश की जाती है, इस वर्गीकरण का मतलब होता है कि वैरिएंट ज्यादा चिंताजनक नहीं है।

जेएन.1 वैरिएंट के बारे में जानिए

येल मेडिसिन के अनुसार, जेएन.1 स्ट्रेन (अनौपचारिक रूप से 'पिरोला') के मामले पिछले कुछ वर्षों में सबसे ज्यादा देखे जा रहे थे। इसमें म्यूटेशन के बाद दो नए सब-वैरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 सामने आए थे। इसके स्पाइक प्रोटीन में कुछ म्यूटेशन (जैसे ए435एस, वी445एच और टी478आई) देखे गए हैं जो इसे अन्य वैरिएंट्स की तुलना में अधिक संक्रामकता और शरीर में बनी प्रतिरक्षा से बचने में मदद कर रहे हैं। यही कारण है कि इससे वो लोग भी संक्रमित हो रहे हैं जो पहले से वैक्सीनेशन की डोज पूरी कर चुके हैं या बूस्टर शॉट भी ले चुके हैं।

चूंकि समय के साथ शरीर में बनी इम्युनिटी भी कमजोर होती जाती है, इसलिए ये वायरस प्रभावी रूप से फैल रहा है।

संक्रमितों के क्या दिक्कत हो रही है?

देश में संक्रमितों को क्या दिक्कतें हो रही हैं, उनमें किस तरह के लक्षण देखे जा रहे हैं, क्या फिर से लोगों को सांस की दिक्कतें हो रही हैं और ऑक्सीजन की जरूरत होगी? इस बारे में समझने के लिए हमने पुणे स्थित एक अस्पताल में क्रिटिकल केयर के डॉक्टर उपेंद्र सिंह से बातचीत की। डॉक्टर बताते हैं, देश में फिलहाल 1000 से ज्यादा एक्टिव केस हैं। ज्यादातर लोग घर पर ही ठीक हो रहे हैं, बड़ी संख्या में ऐसे मरीज भी हैं जिनको पता भी नहीं है कि वह संक्रमित हैं। हालांकि कोमोरबिडिटी या कमजोर इम्युनिटी वालों को कुछ स्थितियों में अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ रही है। फिलहाल ऐसे रोगियों में कोई अलग या गंभीर लक्षण नहीं देखे गए हैं। एनबी.1.8.1 से संक्रमित लोगों में भी अन्य ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट के समान लक्षण देखे जा रहे हैं। इनमें लगातार खांसी, गले में खराश, थकान-सिरदर्द, भूख न लगने, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं देखी जा रही हैं। सांस की समस्या या अन्य गंभीर दिक्कतें नहीं हो रही हैं, ऑक्सीजन की कमी के भी मामले फिलहाल नहीं हैं। वैरिएंट संक्रामक जरूर है पर खतरनाक या जानलेवा नहीं है।

एक और सनसनीखेज खुलासा : ज्योति मल्होत्रा ने हासिल किया था विशेष वीजा

आईएसआई और पाक गृह मंत्रालय ने दी थी मंजूरी

नई दिल्ली। ज्योति मल्होत्रा ने पहली बार पाकिस्तान यात्रा के बाद विशेष वीजा हासिल किया था, जिसे आईएसआई और पाक गृह मंत्रालय की मंजूरी मिली थी। पुलिस का मानना है कि ज्योति ने जानबूझकर आईएसआई का साथ दिया, ताकि उसे विशेष सुविधाएं और वीआईपी ट्रीटमेंट मिल सके।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ज्योति मल्होत्रा को पता था कि वह आईएसआई के हाथों में खेल रही है, इसके बावजूद फॉलोअर्स व व्यूज बढ़ाने के लिए पाकिस्तान की पॉजिटिव छवि बनाने और भारत में पाकिस्तान विरोधी नैरेटिव बदलने के लिए वीडियो बनाती रही।

चार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी ज्योति : ज्योति के गैजेट्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक ज्योति चार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी। ज्योति को इनके बारे में पूरी जानकारी थी। डिजिटल सबूतों से यह स्पष्ट हुआ कि ज्योति किसी ग्रुप चैट में नहीं, बल्कि केवल वन-ऑन-वन बातचीत में शामिल थी।

ज्योति की दानिश से थी नजदीकी : डिजिटल फॉरेंसिक जांच में पता चला है कि वह पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई की छवि बनाने वाली योजना में एसेट थी। ज्योति की दानिश से नजदीकी थी। हालांकि पुलिस को बेहद संवेदनशील जानकारी के लीक होने के सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ज्योति को मिलने वाले फंड के स्त्रोतों की भी जांच कर रही है।

> ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल-लैपटॉप से करीब 12 टेराबाइट (टीबी) डाटा मिला है। इतना डाटा चैक करने में समय लगता है। फिलहाल इससे अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता। ज्योति के किसी आतंकवादी संगठन के संपर्क में होने के सबूत नहीं मिले हैं।
> **-शशांक कुमार सावन,** पुलिस अधीक्षक, हिसार

ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तान टूर का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह लाहौर के अनारकली बाजार में एके-47 लिए 6 गार्ड्स के साथ घूम रही है। साथ वीडियो बना रहे स्कॉटिश यू-ट्यूबर कैलम मिल ने भी इसे अपने चैनल पर अपलोड किया है। ज्योति ने अपने चैनल पर इंडियन गर्ल इन लाहौर पाकिस्तान, हाउ आर पाकिस्तानी टाइटल से इस वीडियो को अपलोड किया है।

वहीं, इंडियन गर्ल एक्सप्लोरिंग अनारकली बाजार ऑफ लाहौर पाकिस्तान थंबनेल नाम दिया है। दो महीने पहले अपलोड 52 मिनट 47 सेकेंड के इस वीडियो के एक मिलियन से ज्यादा व्यूज आए हैं। 15 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। वहीं पांच हजार से ज्यादा लोगों ने कमेंट किए हैं। ज्योति के साथ दिखाई देने वाले हथियारबंद छह लोग पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी बताए जा रहे हैं।

डिजिटल सबूतों की जांच करेगी पुलिस

ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल-लैपटॉप से 12 टेराबाइट (टीबी) डाटा रिकवर किया गया है। इसमें काफी वीडियो हैं। पुलिस पहले डिजिटल सबूतों की गहराई से जांच करेगी। इसमें कम से कम 10 दिन का समय लग सकता है। इसी को ध्यान में रखते पुलिस की तरफ से अदालत में सोमवार को रिमांड की मांग नहीं की गई।

बाजे शंख घड़ियाल, मोरे घर आयो 'तेजस्वी' लाल

लालू परिवार में आई खुशखबरी, तेजस्वी यादव और राजश्री को हुआ बेटा

पटना। लालू परिवार में जारी कलह के बीच एक खुशी की खबर सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव फिर से पिता बन गए हैं। उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। तेजस्वी की पत्नी राजश्री यादव ने कोलकाता के अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। इधर, दूसरी बात दादा बनने पर लालू प्रसाद भी काफी खुश हैं। वह सोमवार शाम ही राबड़ी देवी के साथ कोलकाता पहुंच गए थे।

तेजस्वी बोले- जय हनुमान : अपने बेटे के जन्म की जानकारी मंगलवार को 'एक्स' और फेसबुक पर खुद तेजस्वी यादव ने दी। तेजस्वी ने बेटे की तस्वीर भी शेयर की है। इसके साथ तेजस्वी ने लिखा, 'सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और खुश हूं। जय हनुमान!

रोहिणी ने लिखा- बाल गोपाल जूनियर तेजस्वी पधारे हैं : लालू परिवार में किलकारी गूंजने के बाद रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज हमारे परिवार के घर-आंगन में नए नन्हे सदस्य बाल गोपाल जूनियर तेजस्वी पधारे हैं। प्रिय भाभी राजश्री-भाई तेजस्वी, लाडली कात्यायनी के साथ-साथ हमारे पूरे परिवार और समस्त राष्ट्रीय जनता दल परिवार को हार्दिक बधाई। जूनियर टूटू को ढेर सारा प्यार।

लालू-राबड़ी भी पहुंचे कोलकाता : राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सोमवार देर शाम ही अपनी पत्नी राबड़ी देवी के साथ कोलकाता पहुंच गए थे। उनकी बहू हॉस्पिटल में थीं। लालू-राबड़ी अपनी पोती कात्यायनी का ख्याल रख रहे थे। पहला पोता होने पर लालू-राबड़ी काफी खुश दिखे। दोनों ने बेटे और बहू को खूब आशीर्वाद दिया। इसके बाद लालू ने अपने बेटियों से भी वीडियो कॉल पर बात करते दिखे।

लालू-राबड़ी और सांसद मीसा भारती के साथ अस्पताल पहुंचे : इधर, तेजस्वी ने लालू को यह खुशखबरी वीडियो कॉल पर दी। रोहिणी आचार्य की ओर से साझा किए गए वीडियो में तेजस्वी कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पापा ऑनलाइन हैं... । पापा बेटा हुआ है। पोता हुआ है आपको।

परिवार और पार्टी से निकाले जाने के बाद तेज प्रताप का पहला संदेश, तेजस्वी को दी बधाई

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भले ही पार्टी और परिवार से बाहर निकाल दिया। लेकिन, तेज प्रताप यादव आज भी अपने परिवार को नहीं भूले हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद तेज प्रताप ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद पार्टी से निकाले जाने और पिता लालू प्रसाद, बहन रोहिणी आचार्या और छोटे भाई तेजस्वी यादव की नाराजगी पर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा। तीन दिन तक चुप्पी साधी रखी। आज उनका बयान सामने आया तो वह भी अपने भतीजे के लिए। तेजस्वी यादव के दूसरी बार पिता बनने पर उन्होंने बधाई दी।

गुजरात में पीएम नरेंद्र मोदी ने भरी हुंकार

'हमें मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए'

नई दिल्ली। अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90% से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तेमाल करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया। अब, जब हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दबाव बढ़ रहा है। उससे भी अधिक दृढ़ संकल्प की जरूरत है। यह देश अब इंतजार नहीं करना चाहता। अगर कोई सुझाव देता है कि हमें धैर्य रखना चाहिए, तो आप आवाजें सुन सकते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है।' इसलिए हमारा स्पष्ट लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।'

ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद यूपी सरकार का बड़ा फैसला

शादी में दुल्हन को उपहारों के साथ मिलेगी सिंदूरदानी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद अब सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाले आयोजनों में नवविवाहित कन्याओं को सिन्दूरदानी भी उपहार स्वरूप देने का निर्णय लिया है। यह फैसला सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने लिया है जिसके बाद गोरखपुर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान नवविवाहित महिलाओं को सिंदूरदानी भी दी गई। यहां पर करीब 1200 जोड़ों ने सामूहिक विवाह में हिस्सा लिया है।

सरकार पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चला रही है। जिसमें अब बदलाव करते हुए प्रति जोड़ा एक लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले यह राशि 51 हजार रुपये थी। इस नई व्यवस्था में 60 हजार रुपये की रकम सीधे कन्या के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी जो कि पहले 35 हजार थी। इसके साथ ही बाकी खर्चों के बजट में भी इजाफा किया गया है। जिसमें उपहार सामग्री की लागत को बढ़ाकर 10 हजार से 25 हजार रुपये किया गया है और आयोजन से संबंधित खर्च के लिए भी अब 6 हजार की बजाय 15 हजार रुपये निर्धारित किए गए हैं।

प्रदेश में होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में 50 हजार की जगह 1 लाख रुपये खर्च करने की घोषणा सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही कर दी थी जिसके बाद अब यह शुरू किया है। दी जाने वाली सामग्री का बजट बढ़ने से और पहले की तुलना में और भी बेहतर सामान नवविवाहित जोड़ों को मिल रहा है।

क्या-क्या मिलेगा शादी में : कन्या के लिए कढ़ाई की साड़ी, चुनरी, रोज पहनने वाली साड़ी, श्रृंगार सामग्री से भरी श्रृंगारदानी, और अब सिन्दूरदानी। दूल्हे के लिए कुर्ता-पायजामा, पगड़ी, माला। मुस्लिम जोड़ों के लिए वधू को कढ़ाई वाला सूट, चुनरी और सूट का कपड़ा और दूल्हे को कुर्ता-पायजामा दिया जाता है। गृहस्थी के सामान में कुकर, थाली, लोटा, गिलास, कटोरा, चम्मच, बक्सा और अन्य उपयोगी वस्तुएं दी जाती हैं। इसके साथ ही चांदी की पायल और बिछुआ जैसे आभूषण भी शामिल किए जाते हैं।

सपा सांसद रामजीलाल सुमन का गुस्सा देख छूटे पुलिस के पसीने, फेंक दिया फाड़ कर नोटिस

लखनऊ। सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन और पुलिस के बीच सोमवार को तीखी नोकझोंक हुई। वह पीड़ित दलित परिवार से मिलने मथुरा जा रहे थे। मगर, पुलिस ने घर के बाहर ही बैरियर लगाकर उन्हें रोक लिया। पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर उन्हें रोकने के लिए नोटिस थमाया, जिसे सुमन ने फाड़ कर फेंक दिया।

सांसद ने कहा कि मथुरा में एक दलित परिवार की बेटी की शादी में दबंगों ने मारपीट की। वो परिवार दहशत में है। हमें उसे ढांढस बंधाने जाना है। पुलिस और सरकार मेरी सुरक्षा की आड़ में मेरी राजनीतिक गतिविधियां बंद करना चाहती है। हमें खतरा असामाजिक तत्वों से हैं तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रही।

उन्होंने कहा कि जो लोग हमें धमकियां दे रहे हैं। पुलिस का व्यवहार उनसे दोस्ताना है।

41 साल का इंतजार : 1984 दंगे में मारे गए लोगों के परिवारों को नौकरी मिली, सीएम रेखा ने दिए ज्वाइनिंग लेटर

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1984 दंगे में मारे गए लोगों के परिवारों को नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से दंगों में कत्लेआम हुआ, सबने दुख झेलकर आज तक धीरज रखा। अब ऐसे 125 परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया, इनमें से 19 आज से ज्वाइन कर रहे हैं।

इसी तरीके से कोविड में मरने वालों के लिए भी कमेटी बनाकर उनके परिजनों को राहत देंगे। इमरजेंसी के दौरान जेलों में रहे लोगों और स्वतंत्रता सेनानियों को भी हम पेंशन देंगे। दंगा पीड़ितों को नौकरी मिलने में देरी हुई, इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता ने सबसे छमा मांगी।

कैबिनेट मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि 1984 दंगे में मारे गए, उनके परिजनों को नौकरी देने के लिए कमेटी बैठी, नौकरी देने का निर्णय लिया गया था। इससे पहले किसी भी सरकार ने इसपर ध्यान नहीं दिया। चालीस साल तक संघर्ष करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। बुधवार 28 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

जिला मुख्यालय परिसर का डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण

जल्द कलेक्ट्रेट में वन-वे होगा ट्रैफिक

मुख्य गेट और मार्ग पर नहीं खड़े होंगे वाहन

- एसीपी ट्रैफिक को दिए ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त सिपाही लगाने के निर्देश

- अवैध रूप से नहीं होगी वाहन पार्किंग व ओवर रेटिंग पर लगे लगाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : बीते लंबे समय से गाजियाबाद जिला मुख्यालय परिसर और आसपास के मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से वाहनों के खड़े होने से ट्रैफिक जाम की समस्या हो जाती थी। इससे ना सिर्फ अधिकारियों को परेशान होना पड़ता था बल्कि आम जनता भी कई बार इस समस्या से दो चार होते थे। मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय ने गाजियाबाद जिला मुख्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर खड़े होने वाले वाहनों को लेकर नाराजगी जाहिर की। तो वहीं मीडिया सेंटर और उनके कार्यालय के मुख्य मार्ग पर खड़े होने वाले वाहनों को लेकर भी उन्होंने एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन को निर्देश दिया है कि यहां पर किसी भी प्रकार के वाहनों की पार्किंग नहीं होनी चाहिए।

इसके साथ ही यहां पर यातायात पुलिस के टीएसआई और ट्रैफिक कांस्टेबल की निरंतर ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही डीएम दीपक मीणा ने इस दौरान परिसर में मौजूद मीडिया सेंटर, सूचना अधिकारी का कक्ष और विकास भवन के बाहर बने स्थल का निरीक्षण किया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कलेक्ट्रेट प्रांगण की साफ-सफाई, स्वच्छता और सुंदरता पर ध्यान दिया जाए। साथ ही कलेक्ट्रेट और विकास भवन में एकल मार्ग यानी वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए।

अब डीएम ऑफिस पर मनमर्जी नहीं होगी वाहन पार्किंग

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को जिस तरीके से कलेक्ट्रेट परिसर में औचक निरीक्षण करते हुए ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिला मुख्यालय के मुख्य गेट से लेकर मुख्य मार्ग पर कहीं पर भी वाहनों को नहीं लगने देना है। इसमें पुलिस के वाहनों से लेकर अधिकारियों के वाहन और अधिवक्ताओं की गाड़ियों को भी यहां न खड़ा करवाए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही एसीपी ट्रैफिक को कहा गया है कि अब जिला मुख्यालय गाजियाबाद परिसर में प्रतिदिन टीएसआई और चार ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन तैनात करने के लिए कहा है। एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ने कहा है कि बुधवार से जिला मुख्यालय परिसर में यातायात और पार्किंग की व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि जो लोग भी नियमानुसार वाहन पार्किंग ना करें, ऐसे वाहनों का चालान किया जाए, उनके मालिकों को स्पष्ट समझाया जाए की पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े किए जाएं।

पार्किंग व्यवस्था की जाए दुरुस्त, ओवर रेटिंग ना हो : जिलाधिकारी

करंट क्राइम : निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों और ट्रैफिक पुलिस के अफसरों से कहा है कि पार्किंग स्थान कहां से कहां तक है, इसके लिए बाकायदा बोर्ड एवं दिशा सूचक लगाया जाएं। साथ ही पार्किंग संचालकों द्वारा किसी भी आम नागरिकों और वाहन स्वामियों से निर्धारित पार्किंग शुल्क के अतिरिक्त ना वसूली की जाए, इस बात का भी ध्यान अधिकारियों को रखना होगा।

जब मीडिया सेंटर में पहुंचे जिलाधिकारी गंदगी और पार्किंग व्यवस्था पर दिया ध्यान

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय और एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन के साथ औचक निरीक्षण पर निकले। जहां मुख्य मार्ग पर उन्होंने वाहनों को पार्क नहीं करने का आदेश दिया है। तो वहीं अब कलेक्ट्रेट की अलग से ट्रैफिक व्यवस्था बनेगी। जिसमें विकास भवन के सामने से बाहर निकलने का रास्ता बनाया जाएगा। साथ ही वह मीडिया सेंटर गए ,वहां पर गंदगी और पार्किंग व्यवस्था को देखकर उन्होंने इसे जल्द से जल्द सुधारने का निर्देश दिया है। साथ ही जिला सूचना अधिकारी के कक्ष की सफाई एवं सुंदरता का भी हाल जाना है। इसके साथ ही डीएम दीपक मीणा ने अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विकास भवन और आसपास के सभी कार्यालयों को सुंदर और सफाई के मामले में अव्वल रहने चाहिए।

महापौर सुनीता दयाल ने दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर वसुंधरा और इंदिरापुरम जोन को दी 95 करोड़ की सौगात

इंदिरापुरम में 85 करोड़ और वसुंधरा जोन में 10 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

महापौर ने कहा है कि अब इंदिरापुरम नगर निगम के हिस्से में है, इसलिए नगर निगम के सभी अधिकारी इंदिरापुरम को लेकर खास फोकस करें और समस्याओं का समाधान समय रहते कराया जाए।

गाजियाबाद, करंट क्राइम : 27 मई 2023 को महापौर सुनीता दयाल ने महापौर के रूप में 99 पार्षदों के साथ शपथ ली थी। उनके कार्यकाल को दो साल पूरे हो गए हैं।

दो साल पूरे होने के उपलक्ष पर उन्होंने मंगलवार को इंदिरापुरम में जहां 85 करोड़ और वसुंधरा जोन में 10 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया है। तो शहर के प्रमुख नालों और सड़कों के निर्माण के लिए भी बड़े प्रोजेक्ट शुरू करने के कार्यों का शुभारंभ किया है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि निगम क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। इंदिरापुरम और वसुंधरा जोन के लोगों को तमाम तरीके की सुविधा मिले। महापौर ने कहा है कि अब इंदिरापुरम नगर निगम के हिस्से में है, इसलिए नगर निगम के सभी अधिकारी इंदिरापुरम को लेकर खास फोकस करें और समस्याओं का समाधान समय रहते कराया जाए।

इंदिरापुरम को विकास का न्याय मॉडल बनाएंगे : महापौर

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया है कि इंदिरापुरम हाल ही में नगर निगम को हस्तांतरित किया गया है और इंदिरापुरम की सड़कों , नाली, नालों कि स्थिति बहुत ही खराब थी। कुछ समय पहले निरीक्षण किया गया था, तब लोगों की शिकायत भी थी की सड़कें और नालों की स्थिति बहुत गंभीर है वहीं इलाके के पार्षदों को भी जनता आए दिन घेर लेती थी, लेकिन इंदिरापुरम के लिए बहुत बड़ा बजट दिया जा रहा है। जल्द ही यहाँ की समस्या का समाधान हो जाएगा एवं शहर में चारों तरफ विकास कार्य नजर आएगा। ऐसे ही वसुंधरा में भी कई कार्यों का शिलान्यास किया गया है। हर वार्ड में कार्य कराया जा रहा है, यह बड़े कार्य शहर में मुख्य मार्गो के लिए हैं, आवंटित किया गया था। जिसका मंगलवार नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया है। इन कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और वार्डो के आंतरिक कार्यो के लिए पार्षदों के 100 वार्डों के लिए 100 करोड़ का कोटा आवंटित किया गया है, जिससे वार्ड के कार्य कराए जा सकें।

पार्षदों की मौजूदगी में शुरू हुए विकास कार्य

करंट क्राइम। शिलान्यास के दौरान पार्षद धीरज अग्रवाल,पार्षद प्रीति जैन,पार्षद हरीश कराकोटी,पार्षद डॉ अनिल तोमर,पार्षद अनुज त्यागी,पार्षद संजय सिंह,पार्षद राधेश्याम त्यागी,पार्षद सतेंद्र चौधरी, पार्षद विनय चौधरी,पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद कल्लन, अधिशासी अभियंता देशराज सिंह,सहायक अभियंता श्याम सिंह,सहायक अभियंता गणेशीलाल, अवर अभियंता संजय गंगवार, अवर अभियंता पूजा सिंह आदि उपस्थित रहे।

इंदिरापुरम व वसुंधरा में किये गए कार्यों के शिलान्यास का विवरण

1. इंदिरापुरम के अंतर्गत सीआईएसएफ रोड पर अपैक्स डिपो से डीपीएस स्कूल होते हुए राम मनोहर लोहिया मार्ग व राम मनोहर लोहिया मार्ग से शांति गोपाल हॉस्पिटल व हॉस्पिटल से जीएस सेंटरम के कोने तक दोनों तरफ सड़क व नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ 63 लाख।
2. इंदिरापुरम के अंतर्गत बीएन त्रिपाठी मार्ग से कैलाश मानसरोवर भवन होते हुए, संजीवनी मार्ग व नायडू मार्ग तक दोनों तरफ सड़क व नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 8 करोड़ 78 लाख।
3. इंदिरापुरम के अंतर्गत शहीद मनोज पांडेय मार्ग ,सीआईएसएफ मार्ग तक दोनों तरफ आरसीसी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 करोड़।
4. इंदिरापुरम के अंतर्गत पंडित विजय लक्ष्मी मार्ग व 4 सहायक मार्ग व सुभद्रा जोशी मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ 79 लाख।
5. इंदिरापुरम के अंतर्गत शहीद मनोज पांडेय मार्ग कनावनी पुलिया से एचटीपी के सामने से होते हुए सीआईएसएफ एनएच-9 तक व कनावनी मार्ग,अवंतिका हॉस्पिटल वाली सड़क,मीरा बाई मार्ग ,सहायक कस्तूरबा गांधी मार्ग,हाथी पार्क के दोनों ओर रानी अवंतिका बाई मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 8 करोड़।
6. इंदिरापुरम के अंतर्गत पंडित विजया लक्ष्मी मार्ग,सुभद्रा जोशी मार्ग पर दोनों तरफ आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ 21 लाख।
7. इंदिरापुरम के अंतर्गत काला पत्थर मार्ग से इंदिरापुरम स्कूल व परशुराम चौक से अग्रवाल स्वीट व ग्रीन विस्ता व फुटबॉल अकादमी के पास एन एच 9 पर मकनपुर बस स्टैंड तक कच्चा नाले का आर सी सी निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 7 करोड़ 54 लाख।
8. इंदिरापुरम के अंतर्गत काला पत्थर मार्ग से इंदिरापुरम स्कूल व परशुराम चौक होते हुए अग्रवाल स्वीट तक मार्ग पर दोनों ओर व गोर बिग पार्क से अग्रवाल स्वीट होते हुए ग्रीन विस्ता के पास तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 7 करोड़ 29 लाख।
9. इंदिरापुरम के अंतर्गत काला पत्थर मार्ग से इंदिरापुरम स्कूल व परशुराम चौक से अग्रवाल स्वीट तक व मकनपुर बालिका स्कूल की सड़क व कलेवा रेस्टोरेंट से कावेरी मार्ग तक व बेगम हजरत महल मार्ग व अमृता कौर मार्ग व अनुसुईया बाई मार्ग व विंडसर मार्ग व भारद्वाज मार्ग व विंडसर स्टीट व एन एच 9 के सम्मानतर दोनों तरफ सड़क नार्मन कार्य जिसकी लागत लगभग 7 लरोड 25 लाख।
10. इंदिरापुरम के अंतर्गत काला पत्थर मार्ग से इंदिरापुरम स्कूल व परशुराम चौक से अग्रवाल स्वीट तक व मकनपुर बालिका स्कूल की सड़क व कलेवा रेस्टोरेंट से कावेरी मार्ग तक व बेगम हजरत महल मार्ग व अमृता कौर मार्ग व अनुसुईया बाई मार्ग व विंडसर मार्ग व भारद्वाज मार्ग व विंडसर स्टीट व एन एच 9 व अवंतिका बाई मार्ग मंगल बाजार रोड से शिप्रा रिवेरा व मंगल बाजार रोड से मकनपुर गाँव के दोनों तरफ आर सी सी का नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 8 करोड़ 69 लाख।
11. इंदिरापुरम के अंतर्गत शहीद मनोज पांडेय मार्ग,सी आई एस एफ मार्ग पर बायीं ओर कनावनी गाँव कट से शांति गोपाल हॉस्पिटल होते हुए सी आई एस एफ कैम्प तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 4 करोड़ 21 लाख।
12. इंदिरापुरम के अंतर्गत विधायक कॉलोनी में क्षतिग्रस्त सड़क व नाले का दोनों तरफ निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 78 लाख।
13. इंदिरापुरम के अंतर्गत विभिन्न क्षतिग्रस्त सड़को का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ 49 लाख।
14. वसुंधरा सेक्टर 11 की आंतरिक सड़को का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 292 लाख।
15. बृज विहार का मुख्य मार्ग व आंतरिक सड़को का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ 96 लाख।
16. अप्सरा बॉर्डर के दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 5करोड़ 35 लाख।

विदेश में पाकिस्तान पर बरसे अतुल गर्ग, कहा -

सीजफायर तो हुआ है लेकिन सिद्धांतों की लड़ाई अभी बाकी है...

सांसद अतुल गर्ग ने देश की सुरक्षा और पाकिस्तान के प्रति भारत की सख्त नीति को लेकर विदेश में एक स्पष्ट संदेश दिया।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय प्रवासियों के साथ किंशासा, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में एक संवाद कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने देश की सुरक्षा और पाकिस्तान के प्रति भारत की सख्त नीति को लेकर एक स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा, समझौता तो हुआ है, लेकिन लड़ाई अभी बंद नहीं हुई है। सिंधु जल संधि अभी भी निलंबित है... हमारे हर नागरिक की जान कीमती है। हमने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है और भविष्य में भी उसे नहीं छोड़ेंगे। अतुल गर्ग ने कहा कि गोलियों का सीजफायर भले ही हो गया हो, लेकिन भारत की लड़ाई अब भी जारी है। यह लड़ाई हर उस पीड़ा के लिए है जो हमारे नागरिकों और सैनिकों ने झेली है। यह मत समझिए कि यह कोई एकतरफा प्रक्रिया होगी। अब हर दर्द का हिसाब होगा। उन्होंने पाकिस्तान की मानसिकता पर भी प्रश्नचिन्ह उठाते हुए कारगिल युद्ध का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे दुश्मन सैनिकों की मौत के बाद भी पाकिस्तान ने उन्हें अपना माना नहीं और उनका अंतिम संस्कार भारत को करना पड़ा।

उन्होंने कहा आगे कहा, जब कारगिल युद्ध हुआ था, हमारे 400 जवान शहीद हुए, जबकि पाकिस्तान के 4000 सैनिक मारे गए। उनकी लाशें पहाड़ों पर पड़ी थीं, पहचान के साथ... फिर भी पाकिस्तान ने उन्हें अपना सैनिक मानने से इनकार कर दिया। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। अतुल गर्ग ने दोहराया कि भारत के लिए हर नागरिक की जान अमूल्य है और भारत अपने सैनिकों के बलिदान का सम्मान करते हुए पाकिस्तान को हर मोर्चे पर जवाब देता रहेगा। हमने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है और आने वाले समय में भी उसे नहीं छोड़ेंगे झ यह हम सभी भारतीयों से किया गया वादा है।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की जबर्दस्त पारी कराए हैं सफल कार्यक्रम संभालने के बाद जिम्मेदारी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष वाली कमान संभालने के बाद मयंक गोयल ने एक जबर्दस्त पारी खेली है। उन्होंने अल्प समय में खुद को साबित किया है। वो अपने काम के माध्यम से ये संदेश देने में सफल रहे हैं कि संगठन में अलग-अलग दायित्वों पर रहकर उन्होंने कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। वो ये जानते हैं कि पार्टी के आयाम को कैसे सफल बनाना है। कार्यकर्ताओं की टीम के साथ कैसे काम करना है। ये भाजपा के कार्यक्रम बता रहे हैं कि महानगर कप्तान के रूप में मयंक गोयल ने कई आयाम संभाले हैं। मयंक गोयल ने महानगर अध्यक्ष के रूप में 16 मार्च को कमान संभाली थी और उसके बाद फिर लगातार प्रोग्रामों की एक झड़ी लग गई। मयंक गोयल ने जब महानगर अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल शुरू किया तो उनके सामने पहला कार्यक्रम बिहार दिवस का आया। इंदिरापुरम में ये कार्यक्रम आयोजित हुआ और इसमें राधा मोहन सिंह आए।

कार्यक्रम सफल रहा और फिर दूसरा कार्यक्रम बूथ प्रवास का आया, जिसमें आरएमडी अग्रवाल आए। अभी ये दोनों कार्यक्रम किये और फिर मयंक गोयल के पास सरकार के आठ साल के बेमिसाल का कार्यक्रम आया, एक सफल रैली निकाली। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में विशाल सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आए। फिर मयंक गोयल के नेतृत्व में ही भाजपा ने डॉ. बी आर अंबेडकर जयंती मनाई। इसमें डिप्टी सीएम आए। मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में जबर्दस्त पारी खेल रहे हैं और जिम्मेदारी की बात ये है कि लगातार कार्यक्रम आ रहे हैं और वो लगातार सफलतापूर्वक सभी कार्यक्रम आयोजित करा रहे हैं, मन की बात के दो कार्यक्रम आयोजित हुए और ये दोनों कार्यक्रम बड़े कार्यक्रम थे, जिनमें एक कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आए और दूसरे कार्यक्रम में विजय बहादुर पाठक आए।

कार्यक्रमों का ये सिलसिला जारी है और फिर जिला संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमे डॉ. महेंद सिंह आए। मयंक गोयल अपनी टीम के साथ एक सधी हुई थीम पर काम कर रहे हैं और वो उस समय छा गए जब उन्होंने तिरंगा शौर्य यात्रा को सफलतापूर्वक निकाला। यहां पर बड़ी चुनौती ये थी कि कार्यक्रम की रूपरेखा ऐन मौके पर बदल दी गई थी, लेकिन मयंक गोयल ने अपने नेतृत्व में इस कार्यक्रम को केवल सफल ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया। इसकी सफलता इसी से मापी जा सकती है कि भाजपा के प्रदेश संगठन ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा को अन्य जिलों के लिये भी रोल मॉडल बनाया। अब अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं और फिर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर हर वार्ड में यात्रा निकाली गई है। मयंक गोयल ने छोटे से कार्यकाल में एक बड़ा कमाल किया है। यहां पर उनका स्कोर कार्ड इसलिये भी अहम हो जाता है क्योंकि अध्यक्ष वाली कमान संभालते ही लगातार कार्यक्रम आए हैं। बड़ी बात ये है कि अभी महानगर की टीम घोषित होनी है, लेकिन ये मयंक गोयल का कम्यूनिकेशन है कि उन्होंने अपने नेटवर्क के चलते पूरे वर्क को सेट तरीके से किया है।

संपादकीय

कुछ वर्षों में बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय

भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का।

मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए।

केरल में इस बार समय से पहले मानसून ने दे दी है दस्तक हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया। भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े।

आमतौर पर सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से होती है बारिश दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ आमतौर पर सर्दियों में बारिश की वजह बनता है। अगर यह मई के महीने बारिश की वजह बन रहा है, तो इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। समय पूर्व और तीव्रता से आंधी-बारिश जैसी परिस्थितियां जलवायु परिवर्तन की वजह से तो नहीं हो रही है? मौसम विज्ञानी पहले से ही चेतावनी देते रहे हैं।

उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 625 अंक गिरा, निफ्टी 24850 से नीचे

नई दिल्ली। बैंकिंग, आईटी और ऑटो शेयरों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स में दो दिन की तेजी का सिलसिला थम गया और यह करीब 625 अंक नीचे फिसल गया।

भारी भरकम शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में नरमी 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 624.82 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,551.63 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान, यह 1,054.75 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 81,121.70 पर आ गया। सेंसेक्स के 25 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि पांच शेयरों में तेजी दर्ज की गई। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 174.95 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 24,826.20 पर आ गया। पहली छमाही में सूचकांक में तेज उतार-चढ़ाव देखने दिखा और भारी भरकम शेयरों में लगातार मुनाफावसूली के कारण सूचकांक लाल निशान पर बंद हुआ। पिछले दो सत्रों में प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

बाजार में जारी दो दिन की बढ़त थमी जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया और दो दिन की तेजी थम गई। निवेशकों ने मूल्यांकन संबंधी चिंताओं और एशियाई बाजारों में कमजोरी के कारण मुनाफावसूली का विकल्प चुना।

नायर ने कहा कि चौथी तिमाही की आय अनुमान से बेहतर रहने तथा प्रीमियम मूल्यांकन में नरमी के कारण मिड-कैप और स्मॉल-कैप खंड अपेक्षाकृत लचीले बने रहे।बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.19 प्रतिशत तथा मिडकैप सूचकांक में 0.18 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रीय सूचकांकों में एफएमसीजी में 0.79 प्रतिशत, आईटी में 0.71 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी में 0.68 प्रतिशत, ऑटो में 0.66 प्रतिशत, बैंकेक्स में 0.60 प्रतिशत, यूटिलिटीज में 0.57 प्रतिशत तथा धातु में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई।

सेंसेक्स में अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट

बजार से जुड़े जानकारों के अनुसार बुधवार को अप्रैल माह के औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़े जारी होने है। इस सप्ताह के अंत में पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े भी आने हैं। इसे देखते हुए पहले निवेशक पहले से ही सतर्कता बरत रहे हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों की बात करें तो अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक 2.21 फीसदी की गिरावट आई, वहीं आईटीसी के शेयर 2.01 फीसदी तक फिसल गए। टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, नेस्ले और एशियन पेंट्स के शेयर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे।

सोना 800 रुपये गिरकर 98500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

चांदी 1370 रुपये गिरकर एक लाख के नीचे

नई दिल्ली। वैश्विक अस्थिरता के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोना 800 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। जिससे चार दिनों से जारी तेजी थम गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले बाजार सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सफेद धातु 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अमेरिका और ब्रुसेल्स की व्यापार वार्ता ने डाला असर

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत घटकर 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में तेजी लाने के लिए ब्रुसेल्स दबाव बना रहा है। जिसकी वजह से सुरक्षित संपत्तियों की मांग में गिरावट आई और सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ और महंगाई की चिंताओं के बीच निवेशक अब अमेरिकी ड्यूरेबल गुड्स ऑर्डर और उपभोक्ता विश्वास डेटा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इन आंकड़ों से आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में उन्हें अधिक जानकारी मिलेगी।

बंगलूरू में आईटी कामगार 10 लाख के पार

सीबीआरई ने बताया- शहर 12 वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल

नई दिल्ली। देश में आईटी क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध बंगलूरू अब दुनिया के शीर्ष 12 प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल हो गया है। इस शहर में आईटी के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता फर्म सीबीआरई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। 'ग्लोबल टेक टैलेंट गाइडबुक 2025' नामक रिपोर्ट में 115 बाजारों में वैश्विक तकनीकी प्रतिभा की गतिशीलता का ब्योरा दिया गया है।

रिपोर्ट में तकनीकी प्रतिभा की उपलब्धता, गुणवत्ता और लागत के आधार पर इन बाजारों का मूल्यांकन किया गया है और उन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है। ये श्रेणी हैं- पावरहाउस (बड़े, गहन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रतिभा पूल वाले 12 बाजार), स्थापित (लगातार प्रतिभा पाइपलाइनों वाले 63 परिपक्व बाजार) और उभरते (सुधार क्षमताओं वाले 40 विकास-केंद्रित बाजार)। सीबीआरई ने कहा कि रिपोर्ट में बेंगलुरु को शीर्ष 12 वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्तियों में से एक बताया गया है। प्रौद्योगिकी के मामले में अन्य महाशक्ति शहरों में बीजिंग, बोस्टन, लंदन, न्यूयॉर्क मेट्रो, पेरिस, सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र, सिएटल, शंघाई, सिंगापुर, टोक्यो और टोरंटो का नाम शामिल है।

सलाहकार फर्म ने कहा, बेंगलुरु, बीजिंग और शंघाई के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा तकनीकी प्रतिभा बाजार है, जहां तकनीकी कार्यबल 1 मिलियन (10 लाख) से अधिक है। यह बंगलूरू शहर को वैश्विक प्रौद्योगिकी और नवाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के चेयरमैन और सीईओ अंशुमान मैगजीन ने कहा, वैश्विक तकनीकी महाशक्ति के रूप में बेंगलुरु का उभरना डिजिटल नवाचार, एआई और प्रतिभा तत्परता में भारत की रणनीतिक गहराई को दर्शाता है। उन्होंने कहा, इससे भी अच्छी बात यह है कि दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, अहमदाबाद और जयपुर जैसे शहरों में भी चीजें सकारात्मक रूप से बदल रही हैं। ये भी शहर भारत के विविध और लचीले तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में अद्वितीय योगदान दे रहे हैं। मैगजीन ने कहा कि यह परिपक्व होते भारतीय बाजार का संकेत है।

अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन में दिखी सुस्ती

यूनियन बैंक की रिपोर्ट के अनुसार आईआईपी 1.2% रहने की आशंका

नई दिल्ली। यूनियन बैंक की रिपोर्ट में आईआईपी दर में पिछले महीने की तुलना में गिरावट के संकेत हैं। अप्रैल में भारत का औद्योगिक उत्पादन घटकर 1.2% पर आ सकता है। जबकि मार्च में यह वृद्धि दर 3 प्रतिशत दर्ज की गई थी। भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 3 प्रतिशत से घटकर 1.2 प्रतिशत पर आने की संभावना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक(आईआईपी) घटकर 1.2% पर आ सकता है। जबकि मार्च में यह वृद्धि दर 3 प्रतिशत दर्ज की गई थी। टैरिफ नीति की वजह से निर्यात पर पड़ा असर

रिपोर्ट में कहा गया कि यह गिरावट आर्थिक गतिविधियों में आई सुस्ती की वजह से हो सकती है। खास तौर पर खनन और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में गिरावट आई है। इसमें कहा गया कि आईआईपी अप्रैल 2024 के 5.2 प्रतिशत से काफी कम रहने की उम्मीद है। यह देश के अर्थव्यवस्था में आर्थिक गतिविधि में मंदी का संकेत है। रिपोर्ट के अनुसार आईआईपी की मार्च 2025 की रिपोर्ट में अप्रैल में मंदी का संकेत दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से टैरिफ की घोषणा के बाद वैश्विक व्यापार अनिश्चितता बढ़ने से यह स्थिति पैदा हुई। आईआईपी में 30 से 35 प्रतिशत योगदान निर्यात का है, जिसके स्पष्टता आने तक दबाव में रहने की संभावना है। व्यापार घाटा पिछले साल की तुलना में 7.2 अरब डॉलर अधिक आरबीआई की नवीनतम बुलेटिन में बताया गया कि अप्रैल में ई-वे बील और टोल संग्रह में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई।

रोचक तथ्यों का करंट



- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्ट्सओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि (नकल) करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा।
- एडिसन ने साल 1 9 03 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फीलिडंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।
- पेट्रोलियम जेली (वेसिलीन) के आविष्कारक रॉबर्ट चेसेब्रा, हर रोज एक चम्मच इसे खाते थे, उनका दावा था कि इसमें काफी स्वास्थ्य लाभ थे। वह 96 साल के थे।

राशिफल

मेष: आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष: जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन: शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क: पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह: व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या: प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला: कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु: आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर: लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ: किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन: वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

टीचर - बेटा अगर सच्चे दिल से
प्रार्थना की जाए, तो
वो जरूर सफल होती है।
टिल्लू - रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो
आप मेरे सर नहीं, ससुर होते।
फिर क्या... टिल्लू की हुई जोरदार धुनाई।

एक बच्चे ने दूसरे बच्चे से पूछा - क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
दूसरे बच्चे ने कहा - हां!
पहला बच्चा - कैसे?
दूसरा बच्चा - अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो।

मास्टर जी- तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैं हॉस्टल में रहता हूं ना।
मास्टर जी- तो?
चिंटू- हॉस्टल में होमवर्क कैसे कर सकता हूं?
हॉस्टल वर्क देना चाहिए था ना!
फिर चिंटू की जबरदस्त पिटाई हुई

28 05 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

पियरले मैनी
अभिनेत्री

दिशांत पाराशर

नंदिका अग्रवाल

कविश अग्रवाल

तनिष्का

गुरमीत वालिया

भव्यम शर्मा

अमृता बंसल

दीपांशु शर्मा

मुनींद्र आर्य

सूरज

वरूण यादव

राशिद चौधरी

बिजेन्द्र गौतम

संजीव त्यागी

राकेश कुमार

अमित जेठुडी

राजीव खोंसला

रामकेवल गुप्ता

तनुज खन्ना

योगेन्द्र कुमार शर्मा

इसराइल खान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

एशियाई चैंपियनशिप में अनु और गुलवीर पदक के दावेदार, 59 सदस्यीय दल से बेहतर प्रदर्शन की आस

नई दिल्ली। दिग्गज एथलीट नीरज चोपड़ा की गैरमौजूदगी में 59 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार से शुरू हो रही 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने ट्रैक खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के दम पर दोहरे अंकों में पदक जीतने की कोशिश करेगा। बैंकॉक में आयोजित पिछले सत्र में भारत ने संयुक्त रूप से अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, 12 रजत और नौ कांस्य सहित 27 पदक जीते थे। भारतीय दल कम से कम इस प्रदर्शन की बराबरी करने या उससे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रहा होगा।

पैदल चाल में सेबेस्टियन पेश करेंगे चुनौती

पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल में 25 साल के सेरविन सेबेस्टियन और 21 साल के अमित भारतीय चुनौती पेश करेंगे। सेबेस्टियन ने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में एक घंटे 21.23 मिनट के समय के साथ स्वर्ण जीता था, जबकि अमित ने अप्रैल में इंडियन ओपन रेस वाकिंग में एक घंटे 21.47 मिनट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह पर पदक तालिका में सुधार करने की जिम्मेदारी होगी। 26 वर्षीय गुलवीर पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में भाग लेंगे। 400 मीटर रेस में महिला वर्ग में रूपल चौधरी, विथ्या रामराज और पुरुष वर्ग में जय कुमार और विशाल टीके से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए प्रारंभिक दौर में कड़ी मेहनत करनी होगी। भारतीय टीम से चार गुणा 400 रिले में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है, लेकिन एक महिला सदस्य को संदिग्ध डोप उल्लंघन के कारण बाहर किए जाने के बाद टीम पहले ही विवादों में आ चुकी है। सर्वेश अनिल कुशारे (पुरुषों की ऊंची कूद के क्वालिफाइंग स्पर्धा) और यूनुस शाह (पुरुषों की 1500 मीटर हीट) भी पहले दिन चुनौती पेश करते दिखेंगे। प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला अबूबकर के पास पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में पदक जीतने का अच्छा मौका है। अबूबकर मौजूदा चैंपियन हैं। चित्रावेल ने अप्रैल में एक घरेलू प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ 17.37 मीटर का रिकॉर्ड बनाया। इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इसके साथ ही अनुभवी अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज) के साथ ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़) और पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) जैसे उभरते सितारों पर भी सबकी निगाहें रहेंगी।

नीरज ने डायमंड लीग पर ध्यान केंद्रित किया

नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इस द्विवार्षिक प्रतियोगिता को छोड़कर डायमंड लीग सीरीज पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। चोपड़ा की गैरमौजूदगी से पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में शीर्ष खिलाड़ी हैं। भारतीय चुनौती की कमान सचिन यादव और यशवीर सिंह संभालेंगे। महिला भाला फेंक में अनु रानी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होंगी। वह 2023 में बैंकॉक में महाद्वीपीय मीट के पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रही थीं। एशियाई खेलों की चैंपियन अनु ने मुंबई में मार्च में 58.82 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। यह हालांकि उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी कम है। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 63.82 मीटर 2022 में स्थापित किया गया था।

गुलवीर ने 10000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक
पैदल चाल में सेबेस्टियन ने दिलाया कांसा

नई दिल्ली। भारतीय एथलीटों ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार शुरूआत की है और पहले ही दिन पदक का खाता खोल लिया है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि उनसे पहले सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस तरह भारत ने अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल की शुरूआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे। इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकेंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

सिंगापुर ओपन से वापसी करेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी, लक्ष्य और सिंधू भी पेश करेंगे चुनौती

नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग में एसएच प्रणय, लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी पेश चुनौती पेश करेंगे। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरूआत में मलयेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी मलयेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

श्रीकांत नहीं लेंगे हिस्सा

पिछले सप्ताह मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे किदांबी श्रीकांत इस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करने उतरेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं।

लय में वापसी रहेगा सेन का लक्ष्य

लक्ष्य सेन शुरूआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद इस सत्र में चार बार शुरूआती दौर से ही बाहर हो गए हैं। 23 साल के प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। वह महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर हैं। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है।

दक्षिण कोरिया में लहराएगा मेरठ का परचम, पारुल-रूपल की रफ्तार और अन्नू का भाला करेगा कमाल!

नई दिल्ली। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 27 मई यानी आज से दक्षिण कोरिया में होने जा रहा है। प्रतियोगिता में 59 सदस्यीय भारतीय टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में मेरठ से ही तीन महिला एथलीट हिस्सा लेंगी। इसमें 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी, 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में रूपल और भाला फेंक में अन्नू रानी प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता को लेकर रूपल और अन्नू साउथ कोरिया पहुंच चुकी हैं। तीनों खिलाड़ियों से ही देशवासियों को पदक की उम्मीद होगी।

पारुल की बात करें तो उन्होंने अभी हाल ही में दोहा में आयोजित डायमंड लीग में 3000 मीटर स्टीपल चेज में नेशनल रिकार्ड भी बनाया है। इन तीनों एथलीट की बात करें तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से हमेशा देश का नाम रोशन किया है। अन्नू, रानी और पारूल चौधरी ने वर्ष 2023 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर मेरठ समेत पूरे देश का नाम रोशन किया था। अब एक बार फिर एशियाई खेलों में उनके ऊपर पदक लाने की जिम्मेदारी होगी।

वहीं रूपल चौधरी की बात करें तो रूपल भी कई नेशनल व इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। रूपल ने अभी हाल ही में कोच्चि में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में भी 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं अन्नू रानी ने भी भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर मेरठ का नाम रोशन किया था।

डोप परीक्षण में विफल होने पर धाविका स्नेहा निलंबित, वर्षा पर भी गिरी गाज; एआईयू ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। चार गुणा 400 मीटर महिला रिले टीम की सदस्य स्नेहा कोलेरी को दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के एक दिन बाद स्टेनोजोलोल के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है।

स्नेहा के अलावा धावक वर्षा टेकाम को भी एआईयू ने डोप परीक्षण से बचने के लिए अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया। डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एआईयू ने कहा, 'एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (स्टेनोजोलोल) की मौजूदगी/उपयोग के लिए स्नेहा कोलेरी (भारत) को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है।'

बता दें कि, स्टेनोजोलोल एक प्रदर्शन बढ़ाने वाला एनाबॉलिक स्टेरॉयड है। एआईयू के अनुसार नियम 2.3 के तहत वर्षा को किसी एथलीट द्वारा नमूना देने से बचने, मना करने या विफल रहने के लिए निलंबित किया गया।

एशियाई चैंपियनशिप से हटा दी गईं थीं स्नेहा

वर्षा पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में एक घंटा 26 मिनट 22 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान पर रही थी। स्नेहा को एशियाई चैंपियनशिप में जाने वाले दल से हटा दिया गया था लेकिन राष्ट्रीय महासंघ ने रविवार को इसका कारण बताने से इनकार कर दिया था। भारत के 59 सदस्यीय दल के अन्य सदस्य प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए गुमी पहुंच चुके हैं। यह प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हो रही है।

मातम में बदला लिवरपूल की खिताबी जीत का जश्न, विजयी परेड के दौरान भीड़ में घुसी कार

नई दिल्ली। प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब का जश्न मना रहे लिवरपूल के प्रशंसकों की विजयी परेड के दौरान एक कार भीड़ के बीच घुस गई, जिससे 27 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह घटना आतंकवाद से संबंधित थी। लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

घायलों में चार बच्चे शामिल

पुलिस ने कहा कि उन्होंने लिवरपूल से एक 53 वर्षीय ब्रिटिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह व्यक्ति उस कार का चालक है, जिसने जश्न मना रहे समर्थकों के एक बड़े समूह को टक्कर मार दी थी। एम्बुलेंस अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल ले जाए गए 27 लोगों में से चार बच्चे थे। एक बच्चे और एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। वाहन के नीचे फंसे चार लोगों को दमकलकर्मियों ने बाहर निकाला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि जब कार ने प्रशंसकों की भीड़ को टक्कर मारी तो कुछ लोग हवा में उछल गए।

कार चालक पर टूट पड़े गुस्साए प्रशंसक

जब कार रुकी तो गुस्साए प्रशंसक कार चालक पर टूट पड़े और गाड़ी की खिड़कियां तोड़ने लगे। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर उन्हें चालक तक पहुंचने से रोका। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि टक्कर लिवरपूल टीम को ले जा रही बस के गुजरने के लगभग 10 मिनट बाद हुई। लिवरपूल ने आखिरी बार जब खिताब जीता था तो कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से विजयी परेड नहीं निकाली जा सकी थी।

पिछड़ने के बाद जीती थी लिवरपूल

मैच की बात करें तो डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किए गोल से पिछड़ने के बावजूद लीवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया था। लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए। इस जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक थे। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है।

गत विजेता अल्कारेज और स्वियातेक का जीत के साथ आगाज, रूड भी आसानी से अगले दौर में पहुंचे

ग्रैंडस्लैम। गत विजेता स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और पोलैंड की इगा स्वियातेक ने वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन टेनिस में विजयी आगाज किया है। वहीं, लाल मिट्टी के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में दो बार उपविजेता रह चुके नॉर्वे के कैस्पर रूड ने भी दूसरे दौर में प्रवेश किया है। चार ग्रैंडस्लैम जीत चुके दूसरी वरीय अल्कारेज ने इटली के क्वालिफायर ज्यूलियो जेपिएरी को 5-3, 6-4, 6-2 से हराया। रूड ने स्पेन के भल्बर्टो रामोस विनोल्स को 6-3, 6-4, 6-2 से पराजित किया। वहीं, स्वियातेक ने महिला एकल वर्ग में स्लोवाकिया की स्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

लगातार चौथे खिताब के प्रयास में इगा

लगातार तीन बार से फ्रेंच ओपन जीतती आ रहीं स्वियातेक अगर इस बार भी यहां खिताब जीतती हैं तो वह 1968 में शुरू हुए ओपन दौर के बाद ऐसा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी होंगी। स्वियातेक 10 दिन से अभ्यास में जुटी हैं। इगा फ्रेंच ओपन में पिछले 22 मैचों से अपराजेय हैं। इगा ने माना भी कि ऐसा पहली बार है जब वह 10 दिन पहले यहां अभ्यास के लिए पहुंच गईं। स्वियातेक ने सत्र में अभी तक एक भी खिताब नहीं जीता है। वह अगले दौर में पूर्व यूएस ओपन चैंपियन इंग्लैंड की एमा रादुकानू से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहले दौर में चीन की वांग जिनयू को तीन सेटों के संघर्ष में 7-5, 4-6, 6-3 से पराजित किया।

रिबाकीना-नवारो भी जीतीं

अन्य मैचों में 25वीं वरीय ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सेई पोपिरिन को जापान के योशिहितो निशिओका ने 7-5, 6-4, 2-1 के स्कोर पर वॉकओवर दे दिया। पूर्व विंबलडन चैंपियन कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना ने अर्जेंटीना की जूलिया रिएरा को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया। एमा नवारो ने जेसिका को 6-0, 6-1 से हराया।

नासिर के गोल से कानपुर को तीन अंक से हराकर 36वीं वाहिनी रामनगर ने जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली। पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी का फाइनल सोमवार शाम खत्म हो गया। बीएचयू के एंफीथियेटर में एस्ट्रोटर्फ पर खेले गए मुकाबले में रामनगर की 36वीं वाहिनी पीएसी के नासिर के गोल ने कानपुर की 37वीं वाहिनी पीएसी को तीन गोल से हरा दिया। उद्घाटन विवि क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने किया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब नौशाद ने पांच गोल कर जीता।

फाइनल मुकाबले में पहला गोल 7वें मिनट में मोहम्मद सलमान और 23वें मिनट में अयाज ने किया। दूसरे हाफ में एक मात्र गोल 36वीं वाहिनी पीएसी के फॉर्वर्ड खिलाड़ी नासिर अंसारी ने तीन खिलाड़ियों को चकमा देते हुए किया।

37वीं वाहिनी पीएसी टीम के गोलकीपर पवन यादव ने विरोधी टीम के कई अवसरों को बेकार कर दिया। कप्तान नीतेश दूबे ने बताया कि मैन टू मैन मार्किंग और छोटे-छोटे पास से टीम को जीत मिली।

मुख्य अतिथि डीआईपी पीएसी मनोज कुमार सोनकर ने ओवरऑल बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार नौशाद को दिया। इस मौके पर राजेश कुमार, कैलाश नाथ यादव, संजयसिंह, अजीत प्रताप सिंह, रवि राय मौजूद रहे। तीन दिन चली प्रतियोगिताः तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की दस टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 160 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

15 साल बाद बेटियों ने यूपी को दिलाया पदक

काशी की बेटियों ने 15 साल बाद फेडरेशन कप में यूपी को जीत दिलाकर पदकों का सूखा खत्म किया। सोमवार को वाराणसी पहुंची यूपी चार महिला खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष एके सिंह ने बताया कि गोरखपुर में वाराणसी की तीन खिलाड़ियों ने 10-10 गोल किए। हालांकि, फाइनल में यूपी को रेलवे की टीम से हार का सामना करना पड़ा।

रजत जीतने वाली टीम में वाराणसी की रेशमा यादव, नैना यादव, सुमन यादव और उषा प्रजापति रहीं। चारों खिलाड़ी बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में डॉ. आशा सिंह की देखरेख में अभ्यास करती हैं। इस मौके पर डॉ. शम्स तबरेज शंपू, अंजली श्रीवास्तव, अवनीश और ओम प्रकाश मौजूद थे।

80 खिलाड़ियों ने शतरंज की बारीकियां जानीं

केराकतपुर के वाराणसी पब्लिक स्कूल में शिविर के पांचवें दिन खिलाड़ियों को शतरंज का प्रशिक्षण दिया गया। कोच विशाल मिश्र ने बताया कि 80 खिलाड़ियों को शतरंज की बारीकियां सिखाई गईं। इस प्रशिक्षण में आसपास के बच्चे भी आ रहे हैं। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ए के द्विवेदी जी ने बताया कि बच्चों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा निखारी जा रही है। इससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

करारे : नेपाल में धनीराम निराला ने जीता कांस्य

नेपाल स्पोर्ट्स करारे एकेडमी की ओर से दो दिवसीय 11वीं धन बहादुर अंतरराष्ट्रीय करारे प्रतियोगिता नेपाल के नेशनल स्टेडियम दशरथ रंगशाला में खेली गई। कोच आशीष भारद्वाज ने बताया कि दी सोतोकान करारे स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से छत्तीसगढ़ के धनीराम निराला ने पदक जीता। सीनियर पुरुष वर्ग के 75 किलो कुमिते में कांस्य पदक जीता।

बीएचयू के रूइया मैदान पर फुटबॉल शिविर का उद्घाटन सोमवार शाम प्रो. राजेश मीणा ने किया। फुटबॉल कोच बीरू यादव ने बताया कि शिविर में अंडर-14 आयुवर्ग के खिलाड़ियों को फुटबॉल तकनीक, खेल कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर प्रो. वीएन मिश्र, प्रो. अभिषेक पाठक, डॉ. अभिजीत मंडल, डॉ. अवधेश सिंह रहे।

अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों के खाली पदों को भरने के लिए मुंबई की एक सेवा प्रदाता फर्म 29 खेलों में प्रशिक्षकों की तैनाती करेगी। इन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि वाराणसी मंडल के सभी जिलों में कई प्रशिक्षकों के पद खाली हैं। ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) में लगातार दो मुकाबले जीतकर काशी नाइट्स की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। बनारसी भौकाल सोशल मीडिया हैंडलर आकाश ने दूसरे दिन डालिम्स रोहनिया में शानदार पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। लीग का दूसरा मुकाबला सनबीम रोहनिया में भोजूबीर नाइट्स और रामनगर रॉयल्स के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी कर भोजूबीर नाइट्स ने 10 ओवर में 50 रन बनाए। रामनगर रॉयल्स ने बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से जीत दर्ज की। रामनगर के बल्लेबाज अंकित ने 40 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गेंदबाजी में 2 विकेट भी लिए। उन्हें एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। दिन का दूसरा और लीग का तीसरा मुकाबला काशी नाइट्स और गोदौलिया ग्लैडिएटर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ग्लैडिएटर्स ने 9 ओवर में 68 रन बनाए।

अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत 'जिला पंचायत सम्मेलन' आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनपद गाजियाबाद मोदीनगर विधानसभा के दुल्हन वेंकट हॉल में भाजपा जिला गाजियाबाद संगठन के दिशानिर्देशानुसार देश की महान विरांगना रानी अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान -2025 के अंतर्गत 'जिला पंचायत सम्मेलन' आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री गाजियाबाद असीम अरुण ने सम्मेलन में उपस्थित जन समूह को संबोधित किया करते हुए देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्याग, तपस्या,साहस एवं एक निर्णायक राज्य की रानी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला ।

सम्मेलन की आयोजक कर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता बसंत त्यागी ने सफल आयोजन में सहभागिता करने वाले सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन का मंच संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र वाल्मीकि ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप उपस्थित सभी जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह महिला, शिक्षक महिला,आशा बहु वर्कर। इसके अतिरिक्त संगठन से भाजपा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, चेयरमैन मोदीनगर विनोद वैशाली, विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र भारद्वाज,पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, सतेंद्र त्यागी,अनिल त्यागी, अभियान जिला संयोजक अमित चौधरी, महामंत्री जितेन्द्र चित्तौड़ा,नवेंद्र गौड,जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मोर्चो के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

लिफ्ट से खिलवाड़ करना बच्चे को पड़ा भारी

बटन दबाकर दरवाजा खोला, फिर हाथों से खोलने की कोशिश, बीच में फंसा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी स्थित मीडिया मैजेस्टिक सोसाइटी में एक बच्चे की हरकत से लिफ्ट में अफरातफरी मच गई। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना मंगलवार की है। घटना में एक छोटा बच्चा लिफ्ट में प्रवेश करता है। वह लिफ्ट के कई बटन एक साथ दबा देता है। लिफ्ट के चलते ही बच्चे ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया।

दरवाजा थोड़ा खुलते ही सुरक्षा कारणों से लिफ्ट रुक गई। यह स्थान बिल्डिंग का मध्य भाग था, जहां पिलर मौजूद थे। लिफ्ट के अचानक रुकने से बच्चा घबरा गया। उसने सीसीटीवी कैमरे की ओर देखकर मदद की गुहार लगाई। मेंटेनेंस स्टाफ और तकनीशियन ने सीसीटीवी में बच्चे को देखा। उन्होंने तुरंत पहुंचकर गेट खोला और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद लिफ्ट को दोबारा चालू किया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

विकसित भारत मिशन 2047 की ओर बढ़ता सशक्त स्वाभिमानी भारत : अशोक कुमार गोयल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समय ने तेजी से करवट ली। 2014 में निरंतर 10 वर्षों से परिवार वाद ,अकर्मण्यता, भ्रष्टाचार एवं तुष्टीकरण का अंधेरा मिटा । बदहाली का चक्र टूटा। अच्छे दिन शुरू हुए। 11 वर्षों के सुशासन काल में भारत सशक्त स्वाभिमानी समृद्ध और विकसित आत्म निर्भर देश के रूप में दुनिया में शांति सेवा सहयोग के संदेश के साथ शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है।

उत्तर प्रदेश में भी हम योगी के नेतृत्व में 8 वर्षों में नए भारत के सबसे बड़े सुरक्षित, सुविकसित, आतंक रहित सुशासन युक्त, औद्योगिक प्रदेश के रूप में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े सहयोगी बने है।

हमे हमारे नेतृत्व पर गर्व है। आने वाले वर्षों में हमारा भारत निरंतर राष्ट्रवाद के साथ नए आंतरिक निर्णयों को लेते हुए, हमारी सनातन संस्कृति युक्त परंपराओं का अनुपालन करते हुए विश्व में प्रत्येक क्षेत्र में सर्वोपरि स्थान प्राप्त करेंगे। मिशन 2047 विकसित भारत सर्वोपरि भारत के लक्ष्य की पूर्ति होगी । भारत सारी दुनिया को दिशा प्रदान करेगा ।

पहलगाम कश्मीर में निर्दोष सैलानियों की उनका धर्म पूछ कर हत्या का प्रतिशोध आतंकवाद पर प्रभावी प्रहार ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से देश की सेना का शौर्य एवं ब्रह्मोस जैसे रक्षा संसाधनों की क्षमता की दुनिया ने देखा है। देश का मनोबल बढ़ा है। नेतृत्व पर गर्व है।

शहर विधायक संजीव शर्मा बद्रीनाथ धाम में करा रहे हैं भागवत कथा का आयोजन

विदुर व ध्रुव जैसी भक्ति होगी तो भगवान की प्राप्ति अवश्य होगी : कथा व्यास अभिषेक भाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा व उनकी पत्नी ऋतु शर्मा एवं आशीष अग्रवाल और रूबी अग्रवाल बद्रीनाथ धाम में भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं। भागवत कथा में प्रत्येक दिन हजारों भक्त कथा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

शहर विधायक संजीव शर्मा व उनकी पत्नी ऋतु शर्मा इन दिनों ब्रदीनाथ धाम के प्रवास पर हैं। वे शिव बद्रिका धाम बद्रीनाथ में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन भी करा रहे हैं। 25 मई से प्रारंभ हुई भागवत कथा में प्रत्येक हजारों भक्त पहुंच रहे हैं और कथा रूपी अमृत का पान कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास अभिषेक भाई जी बालाजी धाम आश्रम आगरा ने विदुर चरित्र व ध्रुव चरित्र प्रसंग का सुंदर वर्णन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास अभिषेक भाई ने कहा कि विदुर व ध्रुव जैसी भक्ति होगी तो भगवान की प्राप्ति अवश्य होगी। भगवान को पाना है तो अपने भावों को सच्चा बनाना होगा और अपने हृदय को निर्मल करना होगा। विदुर व ध्रुव के भाव सच्चे थे व उनकी भक्ति सच्ची थी, इसी कारण उन पर भगवान की कृपा हुई। विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि वे बद्रीनाथ धाम में भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं तो यह उन पर भगवान की विशेष कृपा ही है। बद्रीनाथ धाम जहां का कण-कण भगवान की भक्ति में रमा है, वहां भागवत कथा के श्रवण से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, उसका वर्णन कर पाना संभव ही नहीं है। बुधवार को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव होगा, जिसे बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भागवत कथा 31 मई को विश्राम लेगी।

महानगर महिला कांग्रेस ने मनाई प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

गाजियाबाद, करंट क्राइम। महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष खुशनुमा बेगम ने मंगलवार को दर्जनों महिलाओं के साथ मिलकर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई। विशेष रूप से राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चड्ढा और अध्यक्ष खुशनुमा बेगम ने सभी के साथ मिलकर जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। खुशनुमा बेगम और पूजा चड्ढा ने संयुक्त रूप से कहा कि नेहरू जिन्होंने इस देश को बनाने का काम किया है। जवाहरलाल नेहरू इस देश की सबसे मजबूत नींव का पत्थर हैं। दोनों ही ने कहा कि नेहरू से बड़ा कोई नहीं। उन्हीं की नीतियों के कारण देश आज मजबूत स्थिति में है। इस अवसर पर मुख्य रूस से खुशी, अलका, दीपा, सोनाली, तृषा, आंचल, मेघा, आशा, तानिया आदि महिला शामिल हुईं और सबने जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रदांजलि अर्पित की।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोर गिरफ्तार किए, भेजा जेल

लोनी, करंट क्राइम। ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम पुस्ता चौकी के पास चेकिंग अभियान चला रही थी कि इसी दौरान दो व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आए पुलिस ने उन्हे चेकिंग के लिए रोका पर वह भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस टीम ने धर दबोचा। पूछताछ में दोनों शातिर वाहन चोर निकले। दिल्ली से चुराई गई बाइक भी बरामद हुई। चोरों ने अपने नाम गोपाल पुत्र मनोहर लाल व मोहित पुत्र सतीश निवासी पूजा कॉलोनी बताए पुलिस ने दोनों वाहन चोरों को कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

बदल रहा है पुलिस ऑफिस व लाइन का सीन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद तमाम जगहों पर पुलिस के कार्यालय, कक्ष और संबंधित स्टाफ के बैठने लायक माहौल प्रदान करने का सिलसिला तेजी से शुरू है। बीते दिनों अंकुर विहार में एक दर्दनाक हादसा भी हुआ है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों ने अपनी नजरें पैनी करनी शुरू कर दी हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों पुलिस ऑफिस और लाइन का सीन बदलने वाला अभियान चल रहा है। पुलिस ऑफिस में जहां फ्रंट दीवार और बगीचा जैसा लुक बनाकर इसे पहले से ज्यादा सुंदर और सुरक्षित बनाया जा रहा है। तो वहीं बीते दिनों तेज आंधी में पुलिस लाइन के मुख्य गेट की दीवार टूट जाने के बाद यहां पर भी नई दीवार बनाने, गेट और पुलिसकर्मियों के लिए सुरक्षा कक्ष और नया बोर्ड लगवाने का काम शुरू हो गया है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि कई थानों में जो काम चल रहा है, उसपर भी इलाके वाले एसीपी निगरानी रखने का काम कर रहे हैं। उधर चर्चा है कि जिस तरीके से देहात में एक कार्यालय गिर गया उस मामले की अंदर-अंदर गोपनीय रिपोर्ट भी तैयार हो रही है। इस रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम का जिक्र होने की संभावना है। वहीं जिस तरीके से देहात वाले भगवा विधायक द्वारा इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सवाल उठाए गए हैं। उसके भी जवाब तैयार किया जा रहे हैं, ऐसी जानकारी मिली है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई अन्य थानों में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आने वाले आगंतुकों के लिए कक्ष एवं भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। उसमें भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया जा चुका है। इन सबके बीच वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट में जो ठेकेदार काम कर रहे हैं, उनपर अधिकारियों की मॉनिटरिंग शुरू हो गई है। तो वहीं जेल भेजे गए दोनों ठेकेदारों के भी पुराने कागजात मांगे जा रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से आंधी के बीच एक दर्दनाक हादसा हुआ था, उसके बाद कई तरीके की जांच और यहां सुरक्षित और मजबूत निर्माण करने को लेकर अधिकारियों ने सीधे निर्देश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि वर्तमान में पुलिस ऑफिस और लाइन में जो काम चल रहा है, वहां कभी भी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का औचक निरीक्षण और निर्माण सामग्री की जांच वाला कार्यक्रम भी होने वाला है। कहा जाता है कि दूध का जला छाछ फूंक कर पीता है। यही हाल कमिश्नरेट में है, हादसे में जिस तरीके से पुलिसकर्मी की जान गई थी, आने वाले समय में कोई ऐसा हादसा ना हो, उसको बचाने के लिए तमाम प्रयास और सावधानियों पर काम शुरू हो चुका है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि हादसे वाले मामले की जांच में खाकी के नाम सामने आने की बात हो रही है। अब देखना होगा की रिपोर्ट के बाद क्या खुलासा होता है।

बाढ़ से बचाव के लिए जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

डीएम ने अधिकारियों को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ डीएम अभिषेक पांडेय ने बाढ़ से बचाव के लिए जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ आने से पहले ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों और पशुओं का डेटा एकत्र करने को कहा। स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर इकट्ठा करने और स्थानीय स्तर पर बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिए। बाढ़ से निपटने के लिए लाइफ जैकेट जैसे जरूरी उपकरण पहले से खरीदने के आदेश दिए गए। नगर पालिका गढ़ को जल निकासी के लिए मोटर और पंप की व्यवस्था करने को कहा गया। एक उच्च सुविधाओं वाले कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। इस दौरान बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने किया। इसमें मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

वार्ड 68 बृज विहार में महापौर सुनीता दयाल ने 4 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। मंगलवार को वार्ड 68 बृज विहार में महापौर सुनीता दयाल व पार्षद विनय चौधरी ने लगभग 4 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, वार्ड का विकास तेजी से हो रहा है।और गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने पार्षद और स्थानीय निवासियों से अपील कि वे कार्यों की निगरानी करें और किसी भी लापरवाही की जानकारी तुरंत दें। पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि अथक प्रयास से 15वें वित्त आयोग से लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बृज विहार की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन हुआ है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल ने शिरकत की और अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद हिमांशु चौधरी, रीता सिंह, एमपी शर्मा, प्रीति मलिक,मनोज डागर, वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र नागर,-सुमन सिंह, उर्वशी चौहान, उमेश चंद सक्सेना, पवन सोलंकी, पुष्कर सिंह, आदित्य ढाका, धीरज आर गौर, पीके शर्मा, जेके सहाय, विक्रम चौधरी, सिसोदिया ब्रजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि बृज विहार के विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें उम्मीद है कि इससे क्षेत्र के निवासियों को लाभ होगा। ओर क्षेत्र के निवासियों का आभार व्यक्त किया, ओर कहा कि वह उनके लिए हमेशा काम करते रहेंगे।

ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम पर धोखाधड़ी

27 लाख का धनिया लेकर गायब हुआ ट्रक, दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। क्राइम ब्रांच ने एमए पास एक युवक और उसके साथी को ट्रांसपोर्ट के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर ट्रांसपोर्ट का माल बाजार में बेच देते थे। 2 मई को कोटा के व्यापारी शिव भगवान अग्रवाल ने सांवलिया ट्रेडिंग कंपनी के जरिए 27.38 लाख रुपए का धनिया शीतल ट्रांसपोर्ट से गुवाहाटी भेजा था। माल न पहुंचने पर 18 मई को कोटा में एफआईआर दर्ज कराई गई। राजस्थान पुलिस की सूचना पर गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और सीसीटीवी फुटेज की मदद से 27 मई को ट्रक को बरामद किया। ट्रक की नंबर प्लेट फख 27ऋ5566 से बदलकर ल्ढ 38ल्0357 कर दी गई थी। पुलिस ने अवनीश त्यागी और कपिल त्यागी को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में अवनीश ने बताया कि उसकी रघुवीर ट्रेडिंग कंपनी 2019 में बंद हो गई थी। इसके बाद उसने ऑल इंडिया परमिट का एक ट्रक खरीदा। ट्रांसपोर्ट से अधिक फायदा न होने पर उसने हरीश नाम के ड्राइवर के साथ मिलकर यह धोखाधड़ी शुरू की। पुलिस ने आरोपियों से 15 लाख का धनिया, 5 लाख रुपए नकद, ट्रक और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है।

दोनों ने मिलकर प्लान बनाया की गाड़ी का नंबर और अपना नाम बदलकर दूर दराज से माल लोड करेंगे और उस माल को ना पहुँचगा कर उसे कहीं और बेच देंगे। साथ ही अपना फोन और नंबर बदल लेंगे जिससे कोई तलाश न कर सके। पुलिस जानकारी में अब तक आया है कि यह पहले भी ऐसी धोखाधड़ी कर चुके हैं। वहीं दूसरा आरोपी कपिल त्यागी ने बताया कि वह दसवीं पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी और खेती करने लगा खेती के साथ-साथ और शुगर मिल बुलंदशहर में नौकरी करता था। जिसमें उस को पैसे कम मिलते थे जिसे बाद उसकी मुलाकात हरीश से हुई और वह भी ड्राइविंग करने लगा।

इन तीनों ने मिलकर राजस्थान से धनिया चुराया था अब पुलिस ने इसे 366 बोर धनिया जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है बरामद किया है साथ ही बचे हुए धनिया को बेचकर 538000 जो इन्होंने कमाए थे वह बरामद किए हैं इसके अलावा इनका ट्रक बरामद किया है।

गाजियाबाद में कोरोना के दो नए केस मिले

अब तक जिले में कोरोना के केसों की संख्या पहुंची 15

4 साल का बच्चा भी कोरोना पॉजिटिव निकला

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में कोरोना के दो नए केस सामने आए हैं। इनमें चार माह का एक बच्चा भी कोरोना पॉजिटिव मिला है। यह बच्चा पिछले तीन दिन से फीवर में व जुकाम में था। जब इसका टेस्ट हुआ तो कोरोना पॉजिटिव पाया गया।

अभी तक कोविड के 15 केस मिले 1 मई 2025 से अब तक कुल 15 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं। आज मंगलवार को दो नए के सामने आए हैं। 36 वर्षीय इन्द्रिरा पुरम निवासी पुरुष को दिनांक 22 मई से गले में दर्द, जुकाम की शिकायत थी। खैल्ल निजी लैब से कोविड की जांच कराई। जोकि कोविड पॉजीटिव पायी गयी है। यह मरीज होम आइसोलेशन में है।

4 माह का शिशु भी कोरोना पॉजिटिव 4 माह का बच्चा भी कोरोना पॉजिटिव मिला है। यह बच्चा गाजियाबाद के महरौली में रह रहा है। पिछले 3 दिन से बुखार, सर्दी से ग्रसित था परिजनों द्वारा कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट में कोविड पॉजिटिव पाया गया। बच्चे के परिवार के 6 अन्य लोगों की रिपोर्ट मैं कोरोना की पुष्टि नहीं हुई।

कुवैत में 'रिहला-ए-दोस्ती' पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

फ्रांस के लिए रवाना होगी कनिमोझी की टीम

कुवैत। सिंगापुर के कानून मंत्री से सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात सिटी में जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के कानून मंत्री और गृह मामलों के द्वितीय मंत्री एडविन टोंग के साथ बातचीत की

सभी आतंकवाद का संपूर्ण तरीके से खात्मा चाहते हैं- सारंगी

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की सदस्या भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, 'विगत 6 दिनों से भारत का यह प्रतिनिधिमंडल कई देशों में जा रहा है। हमने जापान से इसकी शुरूआत की थी और उसके बाद हम कोरिया गए थे... आज हम सुबह 5 बजे सिंगापुर आए हैं... 22 अप्रैल को पहलगाम में जिस तरह आतंकी हमला हुआ था, उसे लेकर लोगों में कहीं न कहीं क्रोध

है... सभी की इच्छा है कि आतंकवाद का संपूर्ण तरीके से खात्मा हो'।

स्लोवेनिया में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल छह ने स्लोवेनियाई एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस के अध्यक्ष मार्जान शेटिन्क और उनके सदस्यों के साथ बातचीत की।

स्लोवेनिया की यात्रा बहुत ही सकारात्मक रही- कनिमोझी इस दौरान डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'स्लोवेनिया की यह यात्रा बहुत ही सकारात्मक रही है और यहां के विचार निमार्ताओं और सांसदों को भारत और आतंकवाद के कारण भारत की समस्याओं के बारे में बहुत गहरी समझ

कुवैत में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत-कुवैत मित्रता के 250 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रदर्शनी 'रिहला-ए-दोस्ती' का दौरा किया

है। हम इस आश्वासन के साथ वापस जा रहे हैं कि स्लोवेनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है'। उन्होंने आगे कहा, 'कई देशों की यात्रा करने वाले प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में, हमारा अगला पड़ाव एथेंस (ग्रीस) होगा। हमें उम्मीद है कि हम फिर से कई गणमान्य व्यक्तियों, सांसदों और वहां निर्णय लेने वाले लोगों से मिलेंगे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के संकल्प के बारे में बताएंगे।।

आतंकवाद के खिलाफ सभी भारत के साथ- राजीव राय वहीं सपा सांसद राजीव राय ने कहा, 'हमारी बैठकें बहुत सफल रहीं क्योंकि सभी ने एकमत से कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमारे नेता मुलायम सिंह जी ने हमेशा पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंधों की बात कही, लेकिन अगर पड़ोसी खून का प्यासा हो।

ये बेवकूफ जोकर भारत से मुकाबला करना चाहते हैं

ओवैसी ने गलत तस्वीर को लेकर पाकिस्तान पर कसा तंज

कुवैत सिटी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक गलत तस्वीर को लेकर पाकिस्तानी सेना पर तीखा प्रहार किया। ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि ये बेवकूफ जोकर भारत से मुकाबला करना चाहते हैं।

ओवैसी कुवैत में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चीन के एक पुराने सैन्य अभ्यास की तस्वीर को भारत पर जीत के सबूत के रूप में पेश करने के लिए पाकिस्तान पर तंज कसा। उन्होंने कहा, कल पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक तस्वीर भेंट की...ये बेवकूफ जोकर भारत से मुकाबला करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 में चीनी सेना के सैन्य अभ्यास की एक तस्वीर दी थी और दावा किया था कि यह भारत पर जीत है। पाकिस्तान यही करता है। नकल करने के लिए अक्ल चाहिए। इनके पास अक्ल भी नहीं है।

पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है, उसे जरा भी गंभीरता से न लें।

एआईएमआईएम नेता ओवैसी उस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश दौरे पर है। इससे पहले बहरीन मे भी उन्होंने पाकिस्तान निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, 'हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई वर्षों से किस खतरे का सामना कर रहा है। दुर्भाग्य से हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह समस्या पाकिस्तान से ही पैदा हुई है और हमेशा ही होती है। जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता देना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी।' 'अगर अगली बार दुस्साहस करेगा तो ऐसा पलटवार करेंगे....' उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने हर भारतीय की जान की रक्षा के लिए सभी कदम उठाए हैं।

81 साल बाद मिले द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल चार सैनिकों के शव, परिवार ने 2013 में की खोज की शुरूआत

वॉशिंगटन । द्वितीय विश्व युद्ध में न्यू गिनी के प्रशांत द्वीप में 11 मार्च 1944 को दुश्मन की गोलीबारी ने अमेरिकी सेना के बी-24 बमवर्षक विमान हेवन कैन वेट को निशाना बनाया। हादसाग्रस्त होने से पहले इस विमान के सह-पायलट ने पास से उड़ रहे विमान को आखिरी सलामी दी। इसमें सवार सभी 11 सैनिक मारे गए और उनके अवशेषों को दोबारा हासिल न करने लायक होने का एलान कर दिया गया। आखिरकार अब 81 साल बाद इस विमान में सवार चार चालक दल के सदस्यों के अवशेष उनके गृहनगर लौटने का दिन भी आ गया।

परिवारों का दशकों का इंतजार रंग लाया

इन युवा सैनिकों के पीछे रोते-बिलखते परिवार थे। बमवर्षक सेकेंड

लेफ्टिनेंट थॉमस केली (21) को सोमवार 26 मई को लिवरमोर, कैलिफोर्निया में दफनाया गया। यहां वे एक पशुपालक परिवार में पले-बढ़े थे। स्टाफ सार्जेंट यूजीन डारिगन, रेडियो ऑपरेटर को शनिवार 24 मई को आठ दशक से भी अधिक वक्त बाद उनके गृहनगर वापिंगर्स फॉल्स, न्यूयॉर्क में सैन्य सम्मान और सामुदायिक समर्थन के साथ दफनाया गया। 26 साल के डारिगन अपनी पत्नी फ्लोरेंस और छोटे बेटे को पीछे छोड़ गए थे। पत्नी फ्लोरेंस ने दोबारा विवाह किया लेकिन हमेशा उनके तस्वीर और मृत्यु-सूचना वाला टेलीग्राम संभाले रखा। इसी तरह पायलट फर्स्ट लेफ्टिनेंट हर्बर्ट टेनीसन (24) की पत्नी जीन उस वक्त गर्भवती थीं। उन्होंने दोबारा कभी विवाह नहीं किया और 96 वर्ष तक जिंदा रहीं। नाविक सेकेंड लेफ्टिनेंट डोनाल्ड शेपिक (26) पत्नी भी उस वक्त गर्भवती थीं। टेनिसन को 27 जून को विचिटा, कंसास में उनकी पत्नी जीन के बगल में और शेपिक के अवशेषों को पेंसिल्वेनिया के कोल सेंटर में माता-पिता के पास आने वाले महीनों में दफनाया जाएगा।

परिवार ने 2013 में की खोज की शुरूआत

थॉमस केली के रिश्तेदार स्कॉट अल्थाउस और यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अबार्ना-कैम्पेन के प्रोफेसर ने 2013 में इस दुर्घटना की जांच शुरू की। परिवार के साथ मिलकर उन्होंने एक रिपोर्ट तैयार की।

पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़, लोकतंत्र सिर्फ दिखावा, कतर में बोले कांग्रेस नेता आनंद शर्मा

दोहा । कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने सोमवार को पाकिस्तान को लोकतंत्र का दिखावा करार देते हुए उस पर आतंकवाद को पालने-पोसने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों को ना सिर्फ ट्रेनिंग, फंड और हथियार दिए जाते हैं, बल्कि उन्हें शरण और सुरक्षा भी दी जाती है। बता दें कि आनंद शर्मा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में बनाये गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य हैं, जो कतर, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर गए है और अभी वो कतर में हैं।

आनंद शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले का किया जिक्र अपने बयान में आनंद शर्मा ने पहलगाम आतंकी

हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें जिम्मेदारी लेने वाला संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), दरअसल लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद का ही एक हिस्सा है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन हैं। उन्होंने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब भारत को सीमा पार से आतंकी हमले का सामना करना पड़ा हो। संसद हमला, उरी, उधमपुर, पुंछ और 26/11 मुंबई हमला इसके उदाहरण हैं।

आनंद शर्मा ने आगे कहा कि हम यहां आए हैं ताकि दुनिया को यह बताया जा सके कि पाकिस्तान की धरती से भारत पर बार-बार हमले होते हैं और यह अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम दुनिया की जनता को इस खतरे के प्रति जागरूक करना चाहते हैं।

गौरतलब है कि आनंद शर्मा का बयान उस वक्त आया है जब भारत सरकार ने 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे हैं ताकि पाकिस्तान के आतंकवाद से रिश्तों और भारत की जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को शुरू हुआ था, जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत का सैन्य अभियान था।

एर्दोगन ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल मुनीर को दी बधाई, फिर दिखी दोनों देशों की नापाक दोस्ती

अंकारा । तुर्किये और पाकिस्तान का नापाक गठजोड़ लगातार मजबूत हो रहा है। यही वजह है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत कई नेताओं का प्रतिनिधिमंडल अपनी चार देशों की यात्रा के पहले पड़ाव पर तुर्किये ही पहुंचा है। तुर्किये पहुंचने पर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को उनके प्रमोशन की बधाई भी दी। एर्दोगन के कदमों में अपनी नाक रगड़ने पहुंचे शहबाज पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप

एर्दोगन से मुलाकात की। इस मुलाकात में शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए शुक्रिया अदा किया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था तो तुर्किये ने ही खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन्स से भारत पर हमला किया, वे ड्रोन्स तुर्किये ने ही पाकिस्तान को दिए थे। हालांकि तुर्किये ने इससे इनकार किया है, लेकिन तुर्किये का एक विमान पाकिस्तान पहुंचा था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि तुर्किये ने ड्रोन भेजे थे। हालांकि तुर्किये का दावा है कि उनका विमान रिफ्यूलिंग के लिए पाकिस्तान में उतरा था।

पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना चाहता है तुर्किये

तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल में शामिल पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बधाई भी दी। साथ ही एर्दोगन ने पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की भी इच्छा जाहिर की। इससे साफ है कि पाकिस्तान और तुर्किये का भारत के खिलाफ नापाक गठजोड़ मजबूत हो रहा है, जो भारत के हित में नहीं है। शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर तुर्किये के साथ ही ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान के दौरे पर गए हैं। भारत के खिलाफ चीन, तुर्किये और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था।

मशहूर नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

काठमांडू। इस अभियान के आयोजक और सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि कामी रीता (55 वर्षीय) ने सुबह करीब चार बजे मौसम सामान्य रहने पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी के शिखर पर पहुंचे। वह इस बार भारतीय सेना की एडवेंचर विंग के एवरेस्ट अभियान की टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे, जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी कर रहे थे।

काठमांडू पोस्ट ने मिंगमा शेरपा के हवाले से कहा, यह नई उपलब्धि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले वाले व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है। यह

नेपाल के मशहूर पर्वतारोही कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इस तरह उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया

एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके आसपास भी अभी तक कोई नहीं पहुं पाया है।

मिंगमा शेरपा ने आगे बताया कि चोटी पर पहुंचने के बाद कामी रीता सुरक्षित और स्थिर हैं। उन्होंने नीते उतरना शुरू कर दिया है और अब बेस कैंप की ओर लौट रहे हैं। हमेशा की तरह कामी ने अपने बेजोड़ कौशल और पेशेवर अनुभव को फिर से साबित किया है। हम उनकी इस महान उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं और जो विरासत वह बना रहे हैं, वह हमारे लिए गौरव का विषय है।

पिछले दो वर्षों में कामी रीता ने हर मौसम में दो बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की। इसके साथ ही उनकी सफल चढ़ाइयों की संख्या 30 हुई। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि कामी रीता को कम उम्र से ही पर्वतारोहण का गहरा शौक था और वह बीते दो दशकों से अधिक समय से लगातार पहाड़ों पर चढ़ाई कर रहे हैं। शेरपा समुदाय का गढ़ सोलुकुंभी क्षेत्र में जन्मे कामी रीता ने 1992 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू की थी।

सीमा पर बफर जोन बनाने के लिए रूस की कार्रवाई, यूक्रेन के सीमावर्ती गांवों पर किया कब्जा

कीव । रूस की सेनाओं ने यूक्रेन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र, सुमी में चार सीमा गांवों पर कब्जा कर लिया है, यह जानकारी एक स्थानीय अधिकारी ने मंगलवार को साझा की है। यह तब हुआ है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुछ दिन पहले यह आदेश दिया था कि सीमा पर एक बफर जोन (सुरक्षा क्षेत्र) बनाया जाए। इस बीच, रूस की बमबारी अभियान, जो पिछले कुछ दिनों में बढ़ गई थी, अब धीमी हो गई है, क्योंकि यूक्रेनी शहरों और कस्बों पर कम रूसी ड्रोन हमले हुए हैं।

अमेरिका के संघर्ष विराम की कोशिशें नाकाम

रूस का आक्रमण अब भी जारी है, हालांकि अमेरिका की अगुवाई में संघर्ष विराम और शांति वार्ता के लिए कई महीने की कोशिशों के बावजूद इसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के

इस महीने तुर्की में हुए पहले सीधे संवाद के बाद, केवल एक बड़ा बंदी अदला-बदली हुआ है, लेकिन वार्ता में कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली है।रूस से यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला

शुक्रवार से रविवार तक, रूस ने ल गभग 900 ड्रोन यूक्रेन पर दागे, जिसमें बड़े पैमाने पर बमबारी का सिलसिला जारी रहा। रविवार रात को, रूस ने यूक्रेन के खिलाफ तीन साल के युद्ध में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया, जिसमें 355 ड्रोन फेंके गए थे। सोमवार से मंगलवार तक, रूस ने 60 ड्रोन यूक्रेन पर दागे, जैसा कि यूक्रेनी वायु सेना ने बताया। वहीं रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने सात रूसी क्षेत्रों में 99 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

सुमी में, रूसी सेनाएं कब्जाए गए गांवों से आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं, जैसा कि सुमी क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्रीगोरोव ने एक बयान में कहा। उन्होंने बताया कि कब्जाए गए गांवों से पहले ही निवासियों को निकाल लिया गया था और फिलहाल नागरिकों को कोई खतरा नहीं है।

कुर्स्क क्षेत्र में पुतिन ने क्या दिया था बयान

पुतिन ने पिछले हफ्ते कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया था, जो उस वक्त विवादित था, जब रूस ने दावा किया था कि उसने यूक्रेनी सेनाओं को वहां से बाहर कर दिया था। हालांकि, कीव अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया। यूक्रेन ने पिछले अगस्त में कुर्स्क में एक भू-भाग पर कब्जा कर लिया था।

चीन के शानदोंग प्रांत में केमिकल प्लांट में जोरदार धमाका, राहत और बचाव कार्य जारी, कोई हताहत नहीं

बीजिंग । चीन के पूर्वी शानदोंग प्रांत में स्थित एक रासायनिक संयंत्र (केमिकल प्लांट) की वर्कशॉप में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ। इससे आग का विशाल गोला उठा और धुएं का गुबार सैकड़ों फीट ऊपर हवा में फैल गया। विस्फोट स्थल पर बचाव कार्य जारी है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। यह प्लांट में कीटनाशकों और चिकित्सा-उपयोग रसायनों का उत्पादन किया जा रहा था।

प्लांट का स्वामित्व शेडोंग यूदाओ केमिकल के पास है, जो कीटनाशक क्लोरपाइरीफोस का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाओमी शहर में 2019 में स्थापित यह प्लांट प्रति वर्ष लगभग 11,000 टन कीटनाशक का उत्पादन करता है और इसमें 300 से अधिक लोग कार्यरत हैं।

राज्य-नियंत्रित शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि धमाके के बाद आपातकालीन टीमें तुरंत शानदोंग प्रांत के गाओमी शहर में स्थित फैक्टरी पहुंचीं। चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने भी हादसे की जानकारी मिलते ही एक विशेष टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया, जिसमें दमकल कर्मी, चिकित्सा विशेषज्ञ और कार्यस्थल सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल हैं।

चीन के सरकारी चैनल सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और फिलहाल सरकारी मीडिया में किसी के हताहत होने की कोई पुष्टि नहीं की गई है। अब तक कुल 232 स्थानीय दमकलकर्मियों को राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर भेजा गया है। हालात पर नजर रखी जा रही है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

चीन के सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है, कैसे धुएं का गुबार आसमान की ओर तेजी से उठा और औद्योगिक पार्क की इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट की तीव्रता से वे लोग हिल गए। कुछ इमारतों की खिड़कियों के शीशे उड़ गए।

रोबोटिक सर्जरी में एक नए युग का आरंभ

यशोदा अस्पताल, गाजियाबाद ने एक दिन में 9 रोबोटिक सर्जरी की!

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए, यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाजियाबाद ने शनिवार को एक ही दिन में नौ रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक कीं। इन प्रक्रियाओं में आठ रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय हटाने की सर्जरी) और एक रोबोटिक इंजुनल हर्निया मरम्मत शामिल थी। सभी सर्जरी बिना किसी जटिलता के पूरी की गईं और प्रत्येक मरीज को 24 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी गई - यह एक मील का पत्थर है जो मरीज की सुरक्षा, सटीकता और तेजी से रिकवरी के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय यशोदा समूह के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा और समूह निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा के स्पष्ट और निरंतर दृष्टिकोण को जाता है।

हमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों जैसे रोबोटिक सर्जरी को टियर -2 शहरों में सुलभ बनाने का लक्ष्य है, जो पहले केवल प्रीमियम महानगर अस्पतालों तक ही सीमित थी, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें, डॉ. दिनेश अरोड़ा, अध्यक्ष, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा।

डॉ. रजत अरोड़ा, समूह निदेशक, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा, रोबोटिक सर्जरी, जिसे कभी भविष्यवादी माना जाता था, आज एक व्यावहारिक वास्तविकता है जो मरीजों के लिए कई लाभ प्रदान करती है।

दुर्गावती देवी सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपल की अध्यक्षता में पी०एम० सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई।

सभी वेण्डर्स को निर्देश दिये गये कि सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना में आने वाली समस्यों विद्युत विभाग, बैंकों की, यूपीनेडा को लिखित में उपलब्ध कराये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी वेंडर्स को निर्देशित किया कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर कार्रवाई करते हुए एक समन्वित प्रयास किया जाये, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके, लक्ष्य की पूर्ति शतप्रतिशत की जा सके। बैठक में योजना के कियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। प्रत्येक जोन में योजना के अन्तर्गत कितने सोलर सिस्टम्स की प्रगति हेतु विद्युत विभाग में मीटर रीडर्स का सहयोग लेकर प्रचार-प्रसार किया जाये तथा विद्युत उपभोगताओं का सोलर पावर प्लान्ट लगाने हेतु पूर्ण सहयोग लिया जाये जिससे लक्ष्य पूर्ति की जा सके। माह जून के प्रथम सप्ताह से विद्युत विभाग के मीटर रीडर्स को प्रशिक्षण करा कर अधिक से अधिक सोलर लगाने हेतु लाभाथियो का चयन किया जा सके। विद्युत विभाग द्वारा सहमति दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी वेंडर्स को निर्देश दिये गये कि सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना में आने वाली समस्यों विद्युत विभाग, बैंकों की, यूपीनेडा को लिखित में उपलब्ध कराये जिसका समाधान वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा एवं स्टाफ द्वारा समय से निस्तारण कराया जाये।

'संभव' में समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त ने मौके पर बुलाए अधिकारी, प्राप्त संदर्भों पर हुई कार्रवाई

प्राप्त हुई शिकायत तो नगर आयुक्त ने संबंधित को मिलाया फोन, 1 घंटे में कार्रवाई करने के लिए निर्देश

गाजियाबाद, करंट क्राइम। संभव जनसुनवाई के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्याओं के समाधान पर कार्यवाही कराई गई जिसमें संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आमना-सामना भी कराया गया तथा प्राप्त हुए संदर्भों को निस्तारित किया गया। जलकल विभाग से अवर अभियंता शीश मणि यादव से संबंधित प्रकरण सामने आया जिसमें इंदिरापुरम क्षेत्र में कनेक्शन की कार्यवाही में विलंब हो रहा था नगर आयुक्त ने एक घंटे में कार्यवाही करने के फोन पर निर्देश दिए तथा टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही कराई गई। वार्ड संख्या 50 से प्राप्त हाउस टैक्स की शिकायत जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा गलत पिन देने पर खुद भ्रमित होने के प्रकरण पर नगर आयुक्त द्वारा टीम से कार्यवाही कराई गई तथा सही पिन देते हुए हाउस टैक्स जमा कराया गया, शिकायतकर्ता आभा गुप्ता द्वारा विषय को समझते हुए अपने सही पिन से प्राप्त हाउस टैक्स जमा किया गया तथा त्वरित कार्यवाही पर गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद किया गया। नगर आयुक्त द्वारा भी सभी सम्मानित करदाताओं से सही जानकारी के साथ अपना हाउस टैक्स जमा करने की अपील की गई संभव में जनसुनवाई के दौरान मौके पर सभी विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

पिन सही बताने पर शिकायतकर्ता को सही मिली जानकारी तो नगर आयुक्त को बोला धन्यवाद

करंट क्राइम। शिकायतकर्ता ने गाजियाबाद नगर निगम का मौके पर ही धन्यवाद किया। इसी प्रकार हाउस टैक्स संबंधित प्रकरण भी सामने आया जिसमें राज नगर एक्सटेंशन वार्ड संख्या 50 के शिकायतकर्ता द्वारा हाउस टैक्स अधिक आने की शिकायत से अवगत कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा सिटि जोन टीम को मौके पर बुलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए शिकायतकर्ता द्वारा संपत्ति पिन की गलत जानकारी दी गई 105077 के स्थान पर 705077 पिन बताने पर गलत हाउस टैक्स प्राप्त हो रहा था तत्काल सही करते हुए समाधान कराया गया नगर आयुक्त को शिकायतकर्ता द्वारा धन्यवाद किया गया। इसी प्रकार अन्य प्रकरणों में भी गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने संभव के अंतर्गत समस्याओं के समाधान कराए।

संभव के अंतर्गत प्राप्त हुए 22 संदर्भ

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर संभव के अंतर्गत 22 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें निर्माण विभाग से 7 संदर्भ, डुडा विभाग से एक संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से दो संदर्भ उद्यान विभाग से एक संदर्भ प्रकाश विभाग से एक संदर्भ टैक्स विभाग से एक संदर्भ जलकल विभाग से 6 संदर्भ अवैध अतिक्रमण संबंधित तीन संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर नगर आयुक्त द्वारा तीन से सीधा संपर्क करते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए सभी पर कार्यवाही कराई गई।

भाजपा के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल : सरदार एस पी सिंह

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक व अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राष्ट्रीय सोच व भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाते सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर व सम्मान देते हुए विगत दो माह में पार्टी के कई बड़े कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल व हौसला भी बढ़ाया है। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने मानव शृंखला बनाने का फैसला लिया था, पर महानगर अध्यक्ष ने उसमें राष्ट्रीयता के भाव को रेखांकित करते हुए इसके लिए 10 मई को तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम करने की इच्छा जताई जिस पर गहराई से विचार कर तैयारी शुरू हो गई और तिरंगा यात्रा का अभूतपूर्व सफल कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी कार्यालय पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाने का निर्देश दिया था, पर पार्टी का यह संकल्प पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजन तक कैसे पहुँचाया जाए, इस पर मयंक ने साथियों व सहयोगियों से विचारविमर्श करके इस प्रदर्शनी को आधिकारिक अनुमति लेने के बाद रेलवे स्टेशन पर लगवाया जिसको हजारों रेल यात्रियों ने भी आते जाते देखा और साथ ही साथ केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व महापौर सुनीता दयाल व अन्य सभी प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को भी सुना, जिससे कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। अभी तक शीर्ष नेतृत्व द्वारा जितने भी आयाम महानगर को मिले हैं, सभी को साथ लेकर महानगर अध्यक्ष ने उनको पूर्णतया सफल बनाया है। सरदार एसपी सिंह ने विश्वास जताया है कि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इसी प्रकार से भविष्य में भी सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों व विचारधारा व संगठन को मजबूत बनाएंगे।

अभिनंदन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का सबसे मिलने का एक अलग अंदाज है। वह भाजपा नेता तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल सांवरिया के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का स्वागत पटका पहनकर किया।

महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 54 में 3 करोड़ 50 लाख के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा वार्ड 54 में मंगलवार को महापौर सुनीता दयाल ने पार्षद सतेंदर चौधरी के साथ तीन करोड़ 50 लाख रुपये से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि वार्ड 54 वसुंधरा सेक्टर 11 की सड़कों का उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल के करकमलों द्वारा किया गया। यहां पिछले लगभग 10 वर्षों से सड़क बनाने का लोग इंतजार कर रहे थे,जो आज पूरा हुआ। साथ ही सेक्टर 5 कनावनी पुलिया से सेक्टर 1 टी पॉइंट तक नाले का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया जिसका लोकार्पण महापौर द्वारा किया गया। वार्ड में लगातार हो रहे चतुर्मुखी विकास कार्य हो रहे हैं। वार्ड काफी अच्छी स्थिति में है जिसके लिए हम अपने महापौर एवं नगर आयुक्त और नगर निगम के अधिकारियों का अपनी और क्षेत्र की जनता की तरफ से सभी का लगातार सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं। जिन कार्यों का आज उद्घाटन और लोकार्पण किया गया वह लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये के हैं।

इस अवसर पर डॉ बीके शर्मा, डॉ आर एन शर्मा, नरेंद्र कुमार जैन, अरविंद जैन, कर्नल सतीश शर्मा, प्रवेश कटरा, बबीता चौधरी, जगदीश सिंह, नीलम सिंह, बबीता चौधरी, डॉक्टर सुधा राणा , कांति त्यागी ,अनुराग मिश्रा मुकेश, सुनीता शर्मा सुधा शुक्ला, निशि त्यागी, मनीषा चौधरी, सुनील चौधरी, नीली गुप्ता, अरविंद जैन, अनिल शर्मा, पीके त्यागी, सुदेश, अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल, प्रमोद त्यागी, राजेंद्र सिंह मास्टर, ब्रजराज चौधरी, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

वार्ड 34 में महापौर सुनीता दयाल ने किया 5 करोड़ की लागत से बनने वाले नाले का उद्घाटन

वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या होगी दूर : पार्षद खुर्शीद कल्लन बेगम

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शहीद नगर वार्ड नंबर 34 में मंगलवार को अप्सरा बॉर्डर से लेकर बड़े नाले तक दोनों तरफ जीटी रोड के किनारे आरसीसी नाला निर्माण कार्य का महापौर सुनीता दयाल, निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम ने नारियल तोड़कर कर उद्घाटन किया। पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम ने कहा कि जीटी रोड पर थोड़ी बारिश होते ही जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती थी जिससे दोनों ओर जाम लग जाता था। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल का क्षेत्रीय पार्षद ने बुके देकर स्वागत किया। यह कार्य पार्षद के अथक प्रयास से ही संभव हुआ है। इस कार्य के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल रहा और क्षेत्रीय पार्षद का लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। लोगों ने कहा, हमारे बीच पार्षद हमेशा रहते हैं और वार्ड का विकास करते हैं। निर्माण कार्य की लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से होगा। निर्माण कार्य, जो दोनों तरफ सीसी नाला निर्माण कार्य से जल भराव की जो समस्या है वह दूर हो जाएगी। पार्षद ने मौके पर महापौर, नगर आयुक्त, नगर निगम अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सतवीर शर्मा, कुलवंत, सागर, कमलजीत सिंह, सिक्का, बलवंत, परमिंदर सिंह, संतोष कुमार झा, राकेश ठाकुर, सनी, अजय, सुबोध, राम पंडित, हरकेश, दिनेश, रवि, भावेश कुमार, राकेश सिंह, प्रदीप, फुरकान अहमद, जावेद मलिक, अकरम मोहम्मद ताजीन, अजीम मंसूरी, समीर मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संस्कारों की पाठशाला परिवार होता है। समर कैंप में बच्चे रचनात्मक सीख सकते हैं लेकिन अध्यात्म परंपराएं और संस्कार तो परिवार के साथ ही सीखे जाते हैं। ध्वनि मित्तल इस समर में अपने दादा प्रदीप मित्तल और पापा आशीष मित्तल के साथ बांके बिहारी मंदिर और बरसाना में पहुंची। आस्था और श्रद्धा के साथ संस्कृति का पाठ परिवार ने सिखाया। दादा प्रदीप मित्तल ने अपनी पौत्री ध्वनि मित्तल को एक शानदार तरीके से अपने धर्म संस्कृति के प्रति आस्थावान होना सिखाया। श्रद्धा आस्था और संस्कारों को अपने आप में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. जयंत सिंह ने सीएम आदित्यनाथ योगी को लिखा पत्र, कहा-

ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए

गाजियाबाद, करंट क्राइम। स्वर्गीय (भारत रत्न) पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह से लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह अब राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह (केंद्रीय मंत्री) हमेशा किसान बिरादरी के साथ सुख और दुख में हर समय खड़े मिलते हैं।

चौधरी जयंत सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र के माध्यम से किसान के हुए नुकसान के प्रति मदद के लिए पत्र लिखा है। अभी हाल ही में कई जिलों में तादाद से अधिक बारिश होने पर ओलावृष्टि होने पर आंधी और तूफान से किस की फसल खराब हो गई है उसकी भरपाई के लिए अपनी तरफ से गुजारिश की है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस आशा और उम्मीद के साथ के मुख्यमंत्री हुए नुकसान का आकलन करके अधिक से अधिक मदद करने की कोशिश करेंगे। पूरी किसान बिरादरी की जिन-जिनका भी नुकसान हुआ है। राष्ट्रीय लोक दल हमेशा देश के किसान के साथ देश के अन्नदाता के साथ आखिरी पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति के साथ खड़ी है खड़ी रहेगी।

कंपोजिट विद्यालय सीकरी कलां में समर कैंप का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के आदेशों के क्रम में 21.5.25 से 10.6.25 तक प्रत्येक कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। मॉडल समर कैंप हेतु चयनित कंपोजिट विद्यालय सीकरी कलां में मीना कुमारी(ई.प्र.अ.), शर्मिष्ठा शर्मा(शि.मि.),पूनम वशिष्ठ (शि.मि.),गीतांजली सक्सेना(ए.आर.पी.), शैलजा राजन (ए.आर.पी.) ने मिलकर बच्चों को बहुत सारी गतिविधियां कराईं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव तथा खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान के स्वागत उपरांत गीतांजलि सक्सेना द्वारा बच्चों को योगाभ्यास कराया गया इसके उपरांत मीना कुमारी द्वारा बच्चों को जुंबा गतिविधि कराई गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव तथा खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा पेड़ों से मिलने वाले फायदों के बारे में चर्चा की। अंत में गतिविधि में आए बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

ॐ शान्ति ॐ

आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि अजयचन्द भाटी(अज्जू भाटी) के पुत्र

ललित भाटी

का स्वर्गवास दिनांक शनिवार 17 मई 2025 को हो गया है। उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए

दिन बुधवार 28 मई 2025 बृहमभोज दोपहर 12.00 बजे

श्रद्धांजली सभा

दिन बुधवार 28 मई 2025 को दोपहर 2.00 से 3.00 बजे तक

स्थान : भाटी पेलेश, मैन रोड, जवाहरपार्क, साहिबाबाद, गा. बाद

अत: दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु शोक सभा में पहुँचकर श्रद्धांजली अर्पित करें

शोकाकुल परिवार :
श्री अजयचन्द भाटी(अज्जू भाटी)
फोन 9891887083
श्री श्यामपाल भाटी (ताऊ)
श्री मुकेश भाटी(चाचा)
श्री सरदार सिंह भाटी(चाचा)
पूर्व डिप्टी मेयर गाजियाबाद
फोन : 9868544211

शोक सतृप्त :
हरीश भाटी 9650543333
अशोक भाटी
यशपाल भाटी
राकेश भाटी
सुधीर भाटी
हरकेश भाटी
रवि भाटी(पार्षद) 9971660071
आकाश भाटी
रियांश भाटी(पुत्र)
समस्त भाटी परिवार